page 1_Layout 1 07-09-2026 21:24 Page 1

डेली आवाज भारती

बुलंद भारत की बुलंद आवाज़

» बरनाला, मोहाली, चंडीगढ़ » मंगलवार, 8 सितंबर 2026» वर्ष : 01 अंक :136 » मूल्य : 3 रू. » RNI NO. : PBHIN/26/A2687 » स्थानीय संपादक : हेमंत मित्तल

दिल्ली हादसे पर सीएम रेखा गुप्ता की सख्त कार्रवाई, 5 अफसरों को किया सस्पेंड

मृतकों की संख्या बढ़कर हुई 7 जबकि 11 लोगों का रेस्क्यू किया जा चुका

दिल्ली की मुख्यंत्री रेखा गुप्ता ने बड़ा और सख्त प्रशासनिक कदम उठाया

- वहीं रविवार दोपहर सत्य निकेतन हॉस्टल बिल्डिंग भराभरा कर नीचे गिर गई थी

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली। दिल्ली के सत्य निकेतन हॉस्टल हादसे में गिरी इमारत का मलबा हटाया जा रहा है। मलबा हटाने के दौरान एक और शव बरामद हुआ है, जिससे मृतकों की संख्या बढ़कर 7 हो गई है जबकि 11 लोगों का रेस्क्यू किया जा चुका है। वहीं इस मामले पर दिल्ली की मुख्यंत्री रेखा गुप्ता ने सख्त कदम उठाया है। इस हादसे पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बड़ा प्रशासनिक एक्शन लिया है। सीएम ने 5 अफसरों को सस्पेंड कर दिया है। इनमें MCD के डिप्टी कमिश्नर, एग्जीक्यूटिव इंजीनियर, सुप्रीटेंडेंट इंजीनियर,अस्सिटेंट इंजीनियर और जूनियर इंजीनियर शामिल हैं। सीसीटीवी में साफ दिख रहा है कि इमारत के ठीक नीचे एक बुजुर्ग अपनी छोटा-सा स्टॉल लगाकर आराम से बैठे हुए थे। तभी अचानक ऊपर से मलबा और धूल गिरने लगती है। खतरा भांपते ही बुजुर्ग शख्स अपनी जान बचाने के लिए तेजी से दूर भागते हैं। इसके महज कुछ ही सेकेंड बाद पूरी की पूरी बिल्डिंग जमींदोज हो जाती है और चारों तरफ धूल का गुबार फैल जाता है।

हादसे में अब तक 7 लोगों की गई जान

आपको बता दें कि रविवार को दोपहर सत्य निकेतन हॉस्टल बिल्डिंग भराभरा कर नीचे गिर गई। इस हादसे में अब तक 7 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, अब तक 11 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला जा चुका है। जबकि मलबे में अब भी कई लोग को फंसे हुए हैं, जिनमें कई छात्र शामिल हैं। मौके पर दमकल, एम्बुलेंस और कई प्रशासनिक टीमें मौजूद हैं और बड़े पैमाने पर रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है।

जस्टिस अश्विनी कुमार मिश्रा बने पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश

चंडीगढ़ स्थित पंजाब राजभवन में एक सादा और गरिमापूर्ण समारोह आयोजित

- पंजाब राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई
- शपथ ग्रहण के मंच और दर्शक दीर्घा से सरकार की दूरी चर्चा का मुख्य केंद्र रही

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। केंद्र और राज्य सरकार के बीच छिड़ी तीखी तनातनी और राजनीतिक खींचतान के बीच Justice Ashwani Kumar Mishra ने आखिरकार पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के रूप में जिम्मेदारी संभाल ली है। चंडीगढ़ स्थित पंजाब राजभवन (लोक भवन) में आयोजित एक सादे और गरिमापूर्ण समारोह में राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस दौरान प्रशासनिक व न्यायिक बिरादरी के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे, लेकिन शपथ ग्रहण के मंच और दर्शक दीर्घा से पंजाब सरकार की दूरी चर्चा का मुख्य केंद्र बनी रही। जस्टिस अश्विनी कुमार मिश्रा के शपथ ग्रहण समारोह में राजनीतिक टकराव की झलक साफ देखने को मिली। एक तरफ जहां पड़ोसी राज्य हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी विशेष रूप से समारोह में शिरकत करने पहुंचे, वहीं पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान या उनके मंत्रिमंडल का कोई भी चेहरा इस दौरान नजर नहीं आया। पंजाब सरकार का यह रवैया पहले से ही तय माना जा रहा था, क्योंकि सरकार ने इस नियुक्ति प्रक्रिया को असंवैधानिक करार देते हुए इसके खिलाफ मोर्चा खोल रखा था।

आपात बैठक में पास हुआ प्रस्ताव, राष्ट्रपति से लगाई थी गुहार

बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर केंद्र सरकार की ओर से की गई इस नियुक्ति पर सख्त ऐतराज जताया गया था। मान सरकार का तर्क था कि तय नियमावली के तहत राज्य सरकार की औपचारिक सहमति के बिना मुख्य न्यायाधीश की शपथ नहीं दिलाई जानी चाहिए। पंजाब सरकार ने इस संबंध में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया को पत्र भेजकर शपथ ग्रहण रोकने की गुहार भी लगाई थी, जिसे दरकिनार कर आज राजभवन में कार्यक्रम संपन्न करा दिया गया।

पंजाब में सियासी हलचल तेज, गुरप्रीत सिंह सेखों ने थामा 'आप' का दामन

आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज होने लगी

- ये दलबदल जीरा की राजनीति के लिहाज से अहम घटनाक्रम माना जा रहा
- बताया जा रहा है कि सेखों पिछले कुछ समय से क्षेत्र में लगातार सक्रिय थे

डेली आवाज भारती



नाभा जेल ब्रेक कांड से सुर्खियों में आया नाम

गुरप्रीत सिंह सेखों का नाम साल 2016 में हुए चर्चित नाभा जेल ब्रेक कांड के बाद देशभर में सुर्खियों में आया था। इस मामले में उन पर जेल ब्रेक की साजिश और कथित तौर पर अहम भूमिका से जुड़े गंभीर आरोप लगाए गए थे। दरअसल, नवंबर 2016 में भारी हथियारों से लैस हमलावरों ने नाभा जेल पर हमला किया था। हमलावर जेल से कई कैदियों को छुड़ाकर फरार हो गए थे। इस सनसनीखेज वारदात के बाद गुरप्रीत सिंह सेखों का नाम जांच के दौरान सामने आया था और वह लंबे समय तक चर्चा में रहे।

पंजाब में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी गतिविधियां तेज होने लगी हैं। फिरोजपुर के जीरा विधानसभा हलके में उस समय राजनीतिक हलचल बढ़ गई, जब गुरप्रीत सिंह सेखों ने आम आदमी पार्टी का दामन थाम लिया। मुख्यमंत्री भगवंत मान के फिरोजपुर दौरे के दौरान सेखों के क्रमें शामिल होने को जीरा की राजनीति के लिहाज से अहम घटनाक्रम माना जा रहा है। गुरप्रीत सिंह सेखों की आम आदमी पार्टी में एंट्री के बाद जीरा विधानसभा क्षेत्र में राजनीतिक समीकरणों को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। बताया जा रहा है कि सेखों पिछले कुछ समय से क्षेत्र में लगातार सक्रिय थे और आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक जमीन मजबूत करने में जुटे थे।

अमन अरोड़ा ने दुबई समिट में यूएई के निवेशकों को किया आकर्षित

- मान सरकार ग्लोबल पार्टनरशिप और औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्धः अमन अरोड़ा*

डेली आवाज भारती

आसान मंजूरी, मज़बूत इंफ्रास्ट्रक्चर और पूरे सहयोग का दिलाया भरोसा



चंडीगढ़/दुबई। मुख्यमंत्री भगवंत मान की सोच के अनुसार ग्लोबल पूंजी को आकर्षित करने और औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए, पंजाब के उद्योग और वाणिज्य मंत्री श्री अमन अरोड़ा ने सोमवार को दुबई में 'एनुअल इन्वेस्टमेंट मीटिंग' (AIM) के दौरान UAE इंटरनेशनल इन्वेस्टमेंट काउंसिल (UAEIIC) के सेक्रेटरी जनरल महामहिम अब्दुल्ला अहमद अल सुवेदी से मुलाकात की। इस बैठक में राज्य में निवेश लाने के बड़े मौकों पर चर्चा की गई।

बैठक के दौरान, उद्योग मंत्री ने महामहिम अब्दुल्ला अहमद अल सुवेदी के साथ पंजाब की विशाल आर्थिक क्षमता पर चर्चा की और UAE के निवेशकों को सरकारी, अर्ध-सरकारी और निजी क्षेत्र की पार्टनरशिप के ज़रिए तेज़ी से बढ़ने वाले सेक्टरों में निवेश करने के लिए आमंत्रित किया। राज्य सरकार के संकल्प को दोहराते हुए, श्री अमन अरोड़ा ने UAEIIC को भरोसा दिलाया कि पंजाब सरकार राज्य में अपना कामकाज शुरू करने या उसे बढ़ाने की चाह रखने वाली ग्लोबल कंपनियों को पूरा प्रशासनिक सहयोग, मदद और लॉजिस्टिकल सुविधा देगी। उन्होंने ज़ोर दिया कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के दूरदर्शी नेतृत्व में, पंजाब UAE के निवेशकों और संस्थागत फंडों के साथ लंबे समय तक चलने वाली और दोनों पक्षों के लिए फायदेमंद पार्टनरशिप बनाने का इच्छुक है।

राज्य में निवेशकों के अनुकूल सुधारों पर प्रकाश डालते हुए, मंत्री ने 'इन्वेस्ट पंजाब' के ज़रिए 'ईज़ ऑफ़ डूइंग बिज़नेस' (कारोबार में आसानी) पर ज़ोर दिया। यह राज्य का एक एकीकृत सिंगल-विंडो प्लेटफ़ॉर्म है जो निवेश की प्रक्रिया को सुचारू और परेशानी-मुक्त बनाने के लिए तुरंत कानूनी मंजूरी और क्लीयरेंस देता है। श्री अमन अरोड़ा ने कहा, पंजाब एक बहुत अच्छा उद्यमिता इकोसिस्टम, बेहतरीन मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी, कुशल तकनीकी मैनपावर और पारदर्शी गवर्नेंस ढांचा प्रदान करता है। हम UAE के बिज़नेस लीडर्स को पंजाब की आर्थिक विकास की कहानी में सक्रिय भागीदार बनने के लिए आमंत्रित करते हैं। यूएई इंटरनेशनल इन्वेस्टमेंट काउंसिल (UAEIIC), जो UAE की सार्वजनिक और निजी संस्थाओं को विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (FDI) को बाहर भेजने के लिए एकजुट करती है, ने राज्य के प्रतिनिधिमंडल की सक्रिय पहल का स्वागत किया। इस बातचीत का मुख्य उद्देश्य मज़बूत संस्थागत संबंध बनाना था ताकि UAE और पंजाब के बीच सीधे पूंजी का प्रवाह और संयुक्त उद्यम (जॉइंट वेंचर) शुरू हो सकें। बातचीत को लेकर भरोसा जताते हुए, श्री अमन अरोड़ा ने कहा कि यह पहल एक अहम पड़ाव है, जो पंजाब में गहरे द्विपक्षीय आर्थिक सहयोग, मज़बूत कारोबारी रिश्तों और बड़े पैमाने पर निवेश की संभावनाओं का रास्ता साफ़ करेगी।

आदमपुर फ्लाईओवर पर टीनू-कंग ने गडकरी से मांगी 'रफ्तार', जल्द शुरू हो निर्माण कार्य

पवन टीनू ने 2016 से अटके एनएप-03 फोर-लेनिंग प्रोजेक्ट का मुद्दा उठाया, डीपीआर की मंजूरी और जल्द टेंडर जारी करने की मांग

- मालविंदर कंग ने जालंधर-होशियारपुर मार्ग को बताया अहम धार्मिक व अंतरराज्यीय कॉरिडोर, परियोजना में तेजी लाने का किया आग्रह

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली/सुकून महाजनः जालंधर-होशियारपुर राष्ट्रीय राजमार्ग (एन एच -03) के जालंधर-होशियारपुर सेक्शन के लंबे समय से रुके फोर-लेनिंग प्रोजेक्ट को दोबारा शुरू करवाने के लिए आम आदमी पार्टी के मुख्य प्रवक्ता एवं आदमपुर हलका इंचार्ज पवन टीनू और आनंदपुर साहिब से सांसद मालविंदर सिंह कंग ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने आदमपुर फ्लाईओवर सहित पूरे सड़क कॉरिडोर से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को केंद्रीय मंत्री के समक्ष रखा और निर्माण कार्य जल्द शुरू करवाने की मांग की। पवन टीनू ने केंद्रीय मंत्री का ध्यान एन एच-03 के जालंधर-होशियारपुर सेक्शन की ओर दिलाते हुए कहा कि इस मार्ग का फोर-लेनिंग प्रोजेक्ट लंबे समय से अधर में है। वर्ष 2016 से इस हिस्से से गुजरने वाले यात्रियों, वाहन चालकों और स्थानीय निवासियों को भारी ट्रैफिक जाम, आवागमन में परेशानी और सड़क सुरक्षा से जुड़े जोखिमों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि यह मार्ग जालंधर और होशियारपुर के बीच आवागमन का एक महत्वपूर्ण माध्यम होने के साथ-साथ पंजाब को हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर से जोड़ने वाला प्रमुख सड़क कॉरिडोर भी है। ऐसे में इसके अधूरे रहने से आम लोगों के साथ-साथ व्यापारिक गतिविधियों और धार्मिक पर्यटन पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। पवन टीनू ने बताया कि इस महत्वपूर्ण सड़क परियोजना का पिछला कॉन्ट्रैक्ट 29 जुलाई 2025 के डी.ओ. के माध्यम से समाप्त कर दिया गया था। इसके पीछे मुख्य कारण होशियारपुर में जमीन पर कब्जे से जुड़े मुद्दे तथा भूमि अधिग्रहण से संबंधित कानूनी कार्रवाई थी। इसके कारण परियोजना का निर्माण कार्य आगे नहीं बढ़ सका। उन्होंने कहा कि अब केंद्र सरकार द्वारा इस कॉरिडोर की आवश्यकता को देखते हुए 17.800 किलोमीटर लंबे हिस्से,(सीएच 11.400 से सीएच 29.200 तक) के लिए री-टेंडरिंग प्रक्रिया को मंजूरी देने की दिशा में कदम उठाया गया है। इसके लिए उन्होंने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय का आभार भी व्यक्त किया। पवन टीनू ने बताया कि अथॉरिटी इंजीनियर (AE) की ओर से तैयार की गई डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) को पंजाब के चीफ इंजीनियर के माध्यम से रीजनल ऑफिस (आरओ), चंडीगढ़ में जमा करवाया जा चुका है। हालांकि, यह प्रस्ताव फिलहाल आरओ चंडीगढ़ स्तर पर कुछ तकनीकी और प्रशासनिक ऑब्जर्वेशन के कारण लंबित है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से आग्रह किया कि आरओ चंडीगढ़ और मिनिस्ट्री आफ रोड ट्रांसपोर्ट एंड हाइवे (MoRTH) के संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए जाएं।

किसानों ने चंडीगढ़-मोहाली बॉर्डर पर अपना आंदोलन किया खत्म

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। आंदोलनकारी किसान यूनियनों की मुख्य मांगों को स्वीकार करते हुए भगवंत मान सरकार से लिखित आश्वासन मिलने के बाद, चंडीगढ़-मोहाली बॉर्डर पर विरोध प्रदर्शन कर रहे किसानों ने सोमवार शाम अपना आंदोलन वापस ले लिया। कृषि मंत्री गुरमीत सिंह खुडियां ने किसान प्रतिनिधियों को औपचारिक लिखित आश्वासन सौंपा। लिखित समझौते के अनुसार, पंजाब सरकार एक महीने के भीतर विधानसभा का विशेष सत्र बुलाएगी ताकि अहम मुद्दों पर प्रस्ताव पारित करके केंद्र को भेजे जा सकें। इनमें दशकों पुराने असंवैधानिक जल-बंटवारे समझौतों पर पुनर्विचार की मांग, राज्य के रिपेरियन अधिकारों (नदी के पानी पर अधिकार) को बहाल करने के लिए पंजाब पुनर्गठन अधिनियम की धारा 78, 79 और 80 को रद्द करना, बांध सुरक्षा अधिनियम को खत्म करना और बीज विधेयक, 2025 को वापस लेना शामिल है। किसानों के कल्याण के प्रति भगवंत मान सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता को दोहराते हुए, कृषि मंत्री गुरमीत सिंह खुडियां ने कहा कि पंजाब सरकार बातचीत और आपसी समझ से मुद्दों को सुलझाने में विश्वास रखती है। उन्होंने कहा, ÷भगवंत मान सरकार हमारे अन्नदाताओं के कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। हम बातचीत के ज़रिए मुद्दों को सुलझाने में विश्वास रखते हैं और हमने पूरी पारदर्शिता के साथ उनकी जायज़ मांगों को लिखित रूप में स्वीकार किया है। किसानों पर वित्तीय बोझ कम करने के लिए, कृषि मंत्री ने यह भी घोषणा की कि बकाया ऋणों, विशेष रूप से सहकारी बैंकों (पंजाब राज्य सहकारी बैंक और सहकारी समितियों सहित) से लिए गए ऋणों के लिए एकमुश्त निपटान (ह्वज्ञस्) नीति बनाई जाएगी। उन्होंने कहा, ÷ह्वज्ञस् नीति तैयार करने के लिए सभी राजनीतिक दलों के परामर्श से एक समिति गठित की जाएगी, जो किसानों के कर्ज के बोझ को कम करने में अहम भूमिका निभाएगी। गन्ने की कीमत के मुद्दे पर, मंत्री गुरमीत सिंह खुडियां ने ज़ोर देकर कहा कि पंजाब देश में गन्ने का सबसे ज़्यादा दाम देना जारी रखेगा। उन्होंने कहा कि गन्ने की कीमत तय करने के लिए सोमवार को ही फ़ाइल पेश करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि यह प्रक्रिया बिना किसी देरी के शुरू हो सके। कृषि मंत्री ने आगे कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि प्राइवेट चीनी मिलों की तरफ़ से किसानों का बकाया समय पर चुकाया जाए। उन्होंने कहा, 'अभी कोऑपरेटिव मिलों के लिए लागू 'वन विंडो, वन पेमेंट' सिस्टम को प्राइवेट मिलों के लिए भी लागू किया जाएगा।

CMYK

page 2_Layout 1 07-09-2026 19:10 Page 1

सरकार विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा मुहैया करवाने पर दे रही बल : नायब सिंह सैनी

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सरकार प्रदेश में विद्यार्थियों को गुणवता एवं तकनीकी शिक्षा मुहैया करवाने पर बल दे रही है ताकि विद्यार्थी वर्तमान समय की मांग अनुसार दक्ष हो सके। सरकार ने विद्यार्थियों के लिए 5 लाख डाटा सिम खरीद को मंजूरी दी है। मुख्यमंत्री सोमवार को हाई पावर्ड परचेज कमेटी की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में हरियाणा के उच्चतर शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, सहकारिता एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविन्द शर्मा, स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण कुमार गुप्ता सहित कई वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि कक्षा 10वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को 5 लाख टेबलेट दिए जाएंगे। इनके लिए डाटा सिम की खरीद की जाएगी। इसके अलावा हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम के लिए 220वॉट की टयूबलर टाइप लीड एसिड बैटरी की खरीद प्रक्रिया को भी स्वीकृति प्रदान की गई। इनमें 100एएच, 200एएच तथा 120एएच सहित 5 टाईप की बैट्रियों की खरीद शामिल हैं।

एनएचएम के तहत 59 एडवांस लाइफ स्पोर्ट एम्बुलेंस सेवाओं की मंजूरी

हाई पावर्ड परचेज कमेटी की बैठक में मुख्यमंत्री ने हैफेड द्वारा संचालित असंध शुगर मिल के वार्षिक ओवरहॉलिंग, मरम्मत, रखरखाव एवं सामान सहित एक साल के लिए 11.90 करो रुपए में चलाने की स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में नेशनल हैल्थ मिशन के तहत दक्षिण जॉन के लिए 33 तथा नोर्थ जॉन के लिए 26 एडवांस लाइफ स्पोर्ट एम्बुलेंस की बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं नागरिकों को देने के लिए मंजूरी प्रदान की गई। एचपीपीसी बैठक में लगभग 90 करो रुपए से अधिक के सेवा कार्यों की स्वीकृति प्रदान की गई। इस अवसर पर अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा, प्रधान सचिव विजय सिंह दहिया, आयुक्त एवं सचिव आशिमा बरा , निदेशक सूचना, जनसम्पर्क एवं भाषा विभाग तथा एमडी एचवीपीएन डा. आदित्य दहिया सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

विशेष एंटी-गैंगस्टर अभियान: एस.ए.एस. नगर पुलिस ने अवैध हथियार सहित एक को किया गिरफ्तार

आरोपी के कब्जे से .315 बोर का देसी कट्टा और जिंदा कारतूस बरामद; हथियार उत्तर प्रदेश से लाया गया था

- आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया गया, जहां से आगे की जांच के लिए उसका दो दिन का पुलिस रिमांड लेकर पूछताछ की जाएगी

डेली आवाज भारती





मोहाली, भार्गव गोयल : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एस.ए.एस. नगर वरुण शर्मा, आईपीएस के दिशा-निर्देशों तथा पुलिस अधीक्षक (सिटी) दिलप्रीत सिंह, आईपीएस की निगरानी में एस.ए.एस. नगर पुलिस द्वारा अवैध हथियारों की तस्करी तथा गैंगस्टर गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान तेज किया गया है। मीडिया को जानकारी देते हुए उप पुलिस अधीक्षक (सिटी-1) गुरचरण सिंह, पीपीएस ने बताया कि थाना फेज-1, मोहाली की पुलिस टीम ने एस.एच.ओ. इंस्पेक्टर सुखबीर सिंह के नेतृत्व में विश्वसनीय सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया।

इस संबंध में थाना फेज-1, मोहाली में एफआईआर नंबर 199 दिनांक 4 सितंबर 2026, आर्म्स एक्ट की धाराओं 25, 54 और 59 के तहत दर्ज की गई है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान राजीव उर्फ बादल (25), पुत्र अजवीर, निवासी गांव पप्पड़पुरा, तहसील लाखरी, जिला मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश, वर्तमान निवासी दारे का पीजी, शिव मंदिर के निकट, आजाद नगर, बलौंगी, जिला एस.ए.एस. नगर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक .315 बोर का देसी कट्टा तथा एक जिंदा .315 बोर कारतूस बरामद किया है।

आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया गया, जहां से आगे की जांच के लिए उसका दो दिन का पुलिस रिमांड प्राप्त किया गया। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि अवैध हथियार उत्तर प्रदेश से लाया गया था और आरोपी स्थानीय स्तर पर अपना प्रभाव स्थापित करने का प्रयास कर रहा था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अभी तक आरोपी का कोई पिछला आपराधिक रिकॉर्ड सामने नहीं आया है। हथियार के स्रोत तथा अवैध हथियारों अथवा गैंगस्टर गतिविधियों में संलिप्त अन्य व्यक्तियों के साथ उसके संभावित संबंधों का पता लगाने के लिए पूछताछ जारी है।

जिला ट्रेडर्स कमीशन ने व्यापारियों और दुकानदारों से जुड़े मामलों की समीक्षा की

- सहायक कमिश्नर डॉ. अंकिता कांसल ने विभागों को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए

डेली आवाज भारती



मोहाली,भार्गव गोयल : जिला ट्रेडर्स कमीशन के चेयरमैन श्री रणजीत पाल सिंह ने जिले के व्यापारियों और दुकानदारों से जुड़े विभिन्न मामलों की समीक्षा के लिए संबंधित सरकारी विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक की अध्यक्षता करते हुए सहायक कमिश्नर (जनरल) डॉ. अंकिता कांसल ने विभागवार जानकारी प्राप्त की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि संबंधित मामलों पर निर्धारित नियमों एवं समय-सीमा के अनुसार प्राथमिकता के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाए। उन्होंने अनावश्यक देरी से बचने के लिए विभागों के बीच प्रभावी समन्वय सुनिश्चित करने पर जोर दिया। डॉ. अंकिता कांसल ने कहा कि जिला प्रशासन व्यापारिक समुदाय के लिए अनुकूल वातावरण सुनिश्चित करने तथा व्यापारियों और सरकारी विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों को अपने-अपने अधिकार क्षेत्र से जुड़े मामलों पर संवेदनशील एवं त्वरित दृष्टिकोण अपनाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर चेयरमैन श्री रणजीत पाल सिंह तथा ट्रेडर्स कमीशन के अन्य प्रतिनिधियों ने व्यापारिक समुदाय से जुड़े विभिन्न मुद्दे प्रशासन के ध्यान में लाए। संबंधित अधिकारियों ने विभिन्न मामलों में की गई कार्रवाई से बैठक को अवगत करवाया तथा जहां आवश्यक था, वहां प्रक्रिया संबंधी जानकारी भी साझा की। बैठक में जिला ट्रेडर्स कमीशन के वाइस चेयरमैन श्री तरलोचन सिंह बैदवान, मोहाली हलका चेयरमैन श्री अकविंदर सिंह गोसल, कार्यकारी अभियंता, पी.एस.पी.सी.एल. शिविंदर सिंह तथा अन्य अधिकारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित थे।

कौंसिल प्रधान बहादुर सिंह ओके की अगुवाई में नगर कौंसिल कुराली की बैठक आयोजित

आउटसोर्स कर्मचारियों को ठेके के अधीन लाने और 2.06 करोड़ रुपये के प्रोजेक्टों समेत कई अहम प्रस्तावों पर लगी मुहर

डेली आवाज भारती



कुराली, (संदीप अकालगढ़िया): स्थानीय नगर कौंसिल की एक विशेष बैठक कौंसिल प्रधान बहादुर सिंह ओके की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में उपप्रधान श्रीमती शमा कालिया और कार्यकारी अधिकारी रजनीश सूद की देखरेख में शहर के विकास कार्यों को गति देने, कर्मचारियों की मांगों तथा शहरवासियों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाने संबंधी कई अहम प्रस्तावों पर विचार-विमर्श किया गया।

बैठक की शुरुआत पिछली सामान्य बैठक की कार्रवाई की पुष्टि के साथ हुई। इसके बाद पंजाब सरकार के नोटिफिकेशन ÷पंजाब राज्य आउटसोर्सड अमला (ठेके पर लाने संबंधी) एक्ट 2006÷ के तहत काम कर रहे आउटसोर्स कर्मचारियों, जिनमें सफाई सेवक, सीवरमैन, फायरमैन आदि शामिल हैं, को सीधे नगर कौंसिल के ठेके के अधीन लाने संबंधी प्रस्ताव पेश किया गया। सरकारी शर्तों के अनुसार सफाई सेवकों के लिए 5 वर्ष तथा अन्य कर्मचारियों के लिए 3 वर्ष की सेवा पूरी होने पर यह लाभ देने की बात कही गई। इस प्रस्ताव से कर्मचारियों में खुशी की लहर है।

शहर में कूड़े की समस्या के स्थायी समाधान के लिए गांव समगौली में एचपीसीएल रिन्यूएबल एंड ग्रीन एनर्जी लिमिटेड द्वारा स्थापित किए जा रहे 300 टीपीडी क्षमता वाले कंप्रेस्ड बायो-गैस (सीबीजी) प्लांट के लिए नगर कौंसिल की ओर से रोजाना 5 मीट्रिक टन गीला कूड़ा और गोबर उपलब्ध करवाने संबंधी प्रस्ताव पर भी सहमति जताई गई। पीने वाले पानी की समस्या संबंधी जानकारी देते हुए कौंसिल प्रधान बहादुर सिंह ओके ने बताया कि गर्मी के मौसम में शहरवासियों को पानी की किल्लत से राहत दिलाने के लिए पंजाब वाटर सप्लाई एवं सीवरेज बोर्ड की ओर से 2.06 करोड़ रुपये की लागत से चार नए टयूबवेल लगाने के तकमीने पास किए गए हैं ये टयूबवेल वार्ड नंबर 8, चंडीगढ़ रोड, ओल्ड डिस्पेंसरी के नजदीक वार्ड नंबर 6, ए-1 सिटी सिंहपुरा रोड तथा रोपड़ रोड पर श्री गुरु रविदास पार्क के नजदीक लगाए जाएंगे। इसके अलावा धार्मिक एवं सामाजिक मांगों को ध्यान में रखते हुए श्री ब्राह्मण सभा की मांग पर मोरिंडा रोड से सिंहपुरा जाने वाली सड़क का नाम ÷भगवान श्री परशुराम मार्ग÷ रखने तथा रामगढ़िया संगठनों की मांग पर चंडीगढ़ वाले एंट्री प्वाइंट पर महाराजा जस्सा सिंह रामगढ़िया जी का बुत स्थापित करने के लिए जगह निर्धारित करने संबंधी प्रस्तावों पर भी विचार किया गया। बैठक में पंप ऑपरेटर अशोक कुमार को वर्क्स सुपरवाइजर के पद पर पदोन्नत करने तथा सेवादार पंकज देवल को पासपोर्ट बनवाने के लिए एनओसी जारी करने संबंधी प्रस्ताव भी हाउस के समक्ष मंजूरी के लिए रखे गए। इस अवसर पर कौंसलर दिनेश गौतम, कौंसलर शालू धीमान, कौंसलर डॉ. अश्वनी शर्मा, कौंसलर प्रदीप कुमार रूड़ा, कौंसलर राजेश राठौर, कौंसलर भारत भूषण वर्मा, कौंसलर आशू राणा, कौंसलर कुलवंत कौर पाबला, कौंसलर जीता, कौंसलर खुशबीर सिंह हैप्पी सहित समूह कौंसलर उपस्थित थे।

विभाजन, विदेश पलायन और वैश्वीकरण ने पंजाबी संस्कृति को दिए नए रूप : प्रो. चाहल

महासिंह ढेसी स्मृति व्याख्यान आयोजित

डेली आवाज भारती



गुरु नानक देव विश्वविद्यालय में आयोजित महासिंह ढेसी स्मृति व्याख्यान के दौरान रजिस्ट्रार प्रो. के.एस. चाहल, डॉ. रवि रविंदर, डॉ. मनजिंदर सिंह और अन्य विद्वान।

अमृतसर। देश का विभाजन, विदेशों में पलायन और वैश्वीकरण ने पंजाबी संस्कृति को नए रूप और नई पहचान दी है। संघर्षशील पंजाबी समाज का समृद्ध विरसा इस बात का प्रमाण है कि संघर्ष करने वाली कौम कभी दुनिया से पीछे नहीं रहती। यह बात गुरु नानक देव विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार प्रो. के.एस. चाहल ने सोमवार को विश्वविद्यालय के पंजाबी अध्ययन स्कूल की ओर से आयोजित महासिंह ढेसी स्मृति व्याख्यान के दौरान कही।

'संस्कृति और पंजाबी संस्कृति ÷ विरसे से समकाल तक' विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रो. चहल ने कहा कि समय के साथ सामाजिक परिस्थितियों में बदलाव आया है और इसका सीधा प्रभाव पंजाबी संस्कृति पर भी पड़ा है। विभाजन, विदेश पलायन और वैश्वीकरण ने पंजाबी समाज के सोचने, रहने और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति के तरीकों को प्रभावित किया है। यह कार्यक्रम गुरु नानक देव विश्वविद्यालय के उप-कुलपति प्रो. (डॉ.) करमजीत सिंह के मार्गदर्शन तथा पंजाबी अध्ययन स्कूल के प्रमुख डॉ. मनजिंदर सिंह के नेतृत्व में आयोजित किया गया। दिल्ली विश्वविद्यालय के पंजाबी विभाग के प्रोफेसर डॉ. रवि रविंदर मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए।

कार्यक्रम का स्वागत करते हुए डॉ. मनजिंदर सिंह ने कहा कि संस्कृति मूल रूप से समानता पर आधारित मानवीय मूल्यों का ही दूसरा नाम है। उन्होंने बताया कि 'कल्चर' शब्द की उत्पत्ति 'कल्टिवेट' से हुई है, जिसका मूल अर्थ भूमि को जोतना, बीज बोना, संवारना और उसका पालन-पोषण करना है। समय के साथ इसका अर्थ भौतिक क्षेत्र से आगे बढ़कर मानसिक, बौद्धिक और सामाजिक विकास से जुड़ गया। मानव स्वभाव और प्रतिभा का विकास संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया। मुख्य वक्ता डॉ. रवि रविंदर ने कहा कि संस्कृति मानव द्वारा निर्मित ऐसी व्यवस्था है, जो केवल बुनियादी जरूरतों की पूर्ति तक सीमित नहीं रहती, बल्कि उसके बाद शुरू होने वाले सामाजिक और मानवीय संघर्षों से भी जुड़ी होती है। उन्होंने कहा कि हमें अपने अतीत से सीखते हुए समृद्ध विरसे को संभालना चाहिए और शोध तथा सृजन के माध्यम से आगे बढ़ना चाहिए। सहयोग, संवाद और स्पष्ट दृष्टिकोण जीवन की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। दान, नेकी, विविधता में एकता तथा निर्भय और निर्वैर की भावना एक संतुलित और बेहतर समाज के निर्माण का आधार बन सकती है। डॉ. रविंदर ने पंजाबी समाज में विभिन्न वर्गों के बीच लगातार बढ़ रही दूरी को चिंता का विषय बताते हुए कहा कि यह स्थिति खतरे की घंटी है। समाज को आपसी संवाद और सहयोग के माध्यम से इस बढ़ती दूरी को कम करने की दिशा में प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में डॉ. मेघा सलवान ने अतिथियों का धन्यवाद किया। मंच संचालन की जिम्मेदारी डॉ. हरिंदर कौर सोहल ने निभाई। इस अवसर पर डॉ. हसन रेहान, डॉ. भारतबीर संधू, डॉ. अमरजीत सिंह, श्री प्रवीण पुरी, दीप कुलदीप, अरतिंदर संधू, राज खुशवंत सिंह संधू, डॉ. अमर सिंह, डॉ. सिमरनजीत सिंह, डॉ. राजविंदर कौर, बलजीत कौर रिआड़, डॉ. कंवलजीत कौर, डॉ. कंवलदीप कौर, डॉ. हरिंदर सिंह तुड़, डॉ. चंदनप्रीत सिंह और डॉ. अंजू बाला सहित विभिन्न कॉलेजों एवं विश्वविद्यालयों के विद्वान और विशेषज्ञ उपस्थित रहे।

केवल डिग्रियां पर्याप्त नहीं, कौशल भी समान रूप से महत्वपूर्ण : मनिंदर सिंह सहमी

डेली आवाज भारती



अमृतसर। गुरु नानक देव विश्वविद्यालय के उप-कुलपति प्रो. (डॉ.) करमजीत सिंह के नेतृत्व में निदेशालय प्लेसमेंट एवं करियर संवर्धन की ओर से 'जीवन कौशल और करियर कौशल का महत्व' विषय पर विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को व्यक्तिगत एवं व्यावसायिक जीवन की चुनौतियों का आत्मविश्वास और दृढ़ता के साथ सामना करने के लिए आवश्यक कौशलों से परिचित करवाना था। विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में इसमें भाग लिया। मुख्य वक्ता श्री मनिंदर सिंह सहमी, संस्थापक, केएलएडी एडवाइजरी तथा हिल्टी इंडिया के पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी, ने बेहद प्रभावशाली एवं संवादात्मक सत्र के दौरान जीवन के दस महत्वपूर्ण कौशलों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इनमें आत्म-जागरूकता, सहानुभूति, प्रभावी संवाद, निर्णय लेने की क्षमता, समस्या समाधान तथा तनाव प्रबंधन आदि शामिल थे। उन्होंने व्यावहारिक जानकारी और वास्तविक जीवन के उदाहरणों के माध्यम से विद्यार्थियों को समझाया कि लक्ष्य निर्धारित करना, सकारात्मक दृष्टिकोण रखना तथा निरंतर आत्म-सुधार करना शैक्षणिक योग्यता के साथ-साथ करियर में प्रगति के लिए भी बेहद आवश्यक है। श्री सहमी ने कहा कि केवल डिग्री सफलता की गारंटी नहीं है। उन्होंने कहा कि आज के रोजगार बाजार में तकनीकी ज्ञान, भाषा दक्षता और प्रमाण-पत्रों जैसे तकनीकी कौशलों के साथ संवाद, टीम के साथ काम करने, नेतृत्व करने तथा बदलती परिस्थितियों के अनुसार स्वयं को ढालने जैसे व्यवहारिक कौशल भी समान रूप से महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि नियोक्ता आज समस्या समाधान की क्षमता, बदलाव के अनुरूप ढलने तथा तनाव से निपटने की योग्यता को विशेष महत्व देते हैं। डॉ. हरविंदर सिंह सैनी, डीन अकादमिक मामले, ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि श्री सहमी द्वारा विद्यार्थियों के साथ उद्योग जगत के वास्तविक अनुभव साझा करना बेहद उपयोगी रहा। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास विद्यार्थियों को भविष्य की व्यावसायिक जिम्मेदारियों के लिए तैयार करने के साथ-साथ विश्वविद्यालय की ऐसे संतुलित एवं सक्षम स्नातक तैयार करने की प्रतिबद्धता को भी मजबूत करते हैं। इससे पहले डॉ. अमित चोपड़ा, निदेशक, प्लेसमेंट एवं करियर संवर्धन, ने मुख्य वक्ता का स्वागत करते हुए विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के विकास से जुड़ी गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कॉरपोरेट क्षेत्र में सफलता के लिए कौशलों के महत्व पर भी जोर दिया। सत्र का संचालन डॉ. दिलप्रीत कौर, सहायक प्रोफेसर, यूनिवर्सिटी बिजनेस स्कूल, द्वारा किया गया। उन्होंने श्री सहमी का धन्यवाद करते हुए कहा कि उनके द्वारा साझा किए गए अनुभवों एवं विचारों ने विद्यार्थियों को यह समझने में मदद की कि आज के प्रतिस्पर्धी माहौल में डिग्री के साथ कौशल भी समान रूप से जरूरी हैं।

आप सरकार ने हलका खरड़ को अनदेखा ही नहीं, बल्कि रोल दिया है : जगमोहन सिंह कंग

कांग्रेस को मजबूत एवं लामबंद करने की अपील

डेली आवाज भारती



खरड़, (संदीप अकालगढ़िया): कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री सरदार जगमोहन सिंह कंग ने खरड़ में वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ताओं व नेताओं की एक अहम बैठक की। बैठक में कांग्रेस, यूथ कांग्रेस, महिला कांग्रेस सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए सरदार जगमोहन सिंह कंग ने कहा कि मान सरकार ने विधानसभा हलका खरड़ को हर पक्ष से अनदेखा किया हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि हलके की विधायक बीबी अनमोल गगन मान ने कभी भी क्षेत्र की उचित सुध नहीं ली, जो बेहद आपत्तिजनक एवं दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि हलके में पड़ने वाली तीनों नगर कमेटियों–खरड़, कुराली और नया गांव–का विकास पूरी तरह ठप पड़ा हुआ है। सभी लिंक सड़कों की हालत बद से बदतर हो चुकी है। नई पंचायतों को ग्रांटें नहीं मिल रही हैं, नशे की भरमार है और सरकारी दफ्तरों में भ्रष्टाचार चरम पर है। सरदार कंग ने कहा कि 24 जुलाई 2021 को उनके द्वारा तत्कालीन स्थानीय निकाय मंत्री श्री ब्रह्म महिंद्रा और सांसद श्री मनीष तिवारी के सहयोग से नगर काउंसिल खरड़ द्वारा औपचारिक रूप से उचित प्रस्ताव आदि पास करवाने के बाद खरड़ शहर में कई महत्वपूर्ण विकास कार्य शुरू करवाए गए थे। इनमें संते माजरा मल्टीपरपज कॉम्प्लेक्स, जिसमें कम्युनिटी सेंटर, पब्लिक पार्क एवं खेल स्टेडियम शामिल हैं, गुरु तेग बहादुर म्यूनिसिपल भवन, शिवालिक सिटी/संते माजरा, गुरु नानक भवन, दशहरा ग्राउंड खरड़ के नजदीक, सन्नी एन्क्लेव खरड़ से दशमेश नगर के बीच गुजरते गंदे नाले की चोई को पक्का करना तथा झुंगियां रोड खरड़ स्थित सांझा भवन कम्युनिटी सेंटर आदि प्रमुख कार्य शामिल थे। उन्होंने कहा कि ये विकास कार्य आज तक नगर कमेटी एवं सरकार की अनदेखी और लापरवाही के कारण अधूरे पड़े हैं। झुंगियां रोड स्थित कम्युनिटी सेंटर पर करीब 10 करोड़ रुपये खर्च होने के बावजूद यह इमारत खंडहर में तब्दील होती जा रही है। पूर्व मंत्री कंग ने अफसोस जताते हुए कहा कि उन्होंने खरड़ शहर में पीने वाले पानी की समस्या को हल करवाने के लिए लंबे संघर्ष के बाद कजौली वाटर वर्क्स से नगर काउंसिल खरड़ को 5 एमजीडी पीने वाले पानी की सप्लाई दिलवाई थी। इसके बाद तत्कालीन प्रमुख सचिव स्थानीय निकाय विभाग श्री ए.के. सिन्हा, आईएएस ने 2 अगस्त 2021 को बैठक के दौरान इस प्रोजेक्ट को समयबद्ध करते हुए सख्त निर्देश जारी किए थे कि यह महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट नवंबर 2021 तक हर हाल में शुरू हो जाना चाहिए। लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि आज भी यह प्रोजेक्ट लटका हुआ है और अब इसकी लागत भी काफी बढ़ जाएगी।

दसवीं/बारहवीं पास बेरोजगार लड़कियों के लिए स्वरोजगार पाठ्यक्रमों में दाखिले की अंतिम तिथि 10 सितंबर तक बढ़ी

डेली आवाज भारती

अमृतसर। गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी के लाइफलॉन्ग लर्निंग विभाग ने सत्र 2026-27 के लिए विभिन्न प्रमाणपत्र और डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में दाखिले की अंतिम तिथि बढ़ाकर 10 सितंबर 2026 कर दी है। इन पाठ्यक्रमों में खाली रह गई सीटों को पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर भरा जाएगा। लाइफलॉन्ग लर्निंग विभाग की निदेशक प्रो. वरिंदर कौर ने बताया कि विभाग की ओर से दसवीं पास लड़कियों के लिए छह महीने के ड्रेस डिजाइनिंग और ब्यूटी कल्चर प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम करवाए जा रहे हैं। इसी तरह बारहवीं पास लड़कियों के लिए वेब डिजाइनिंग, कंप्यूटर बेसिक कॉन्सेप्ट, डाइट एंड न्यूट्रिशन और नैनी केयर के छह महीने के प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं। इसके अलावा बारहवीं पास लड़कियों के लिए एक वर्ष के डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में डिप्लोमा इन फैशन डिजाइनिंग, डिप्लोमा इन कॉस्मेटोलॉजी, डिप्लोमा इन कंप्यूटर एप्लीकेशंस, डिप्लोमा इन ग्राफिक्स एंड वेब डिजाइनिंग, डिप्लोमा इन हेल्थ एंड न्यूट्रिशन तथा डिप्लोमा इन नैनी केयर एंड चाइल्ड डेवलपमेंट शामिल हैं। विभाग के अनुसार इन पाठ्यक्रमों का उद्देश्य लड़कियों को रोजगारपरक कौशल प्रदान करना तथा उन्हें रोजगार के साथ-साथ स्वरोजगार के अवसरों के लिए सक्षम बनाना है। इन पाठ्यक्रमों में दाखिला लेने की इच्छुक लड़कियां 10 सितंबर 2026 तक गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी की वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन पत्र भर सकती हैं। खाली सीटों पर दाखिला पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर दिया जाएगा।

page 3_Layout 1 07-09-2026 21:07 Page 1

डेली आवाज पंजाब

बरनाला, मोहाली, जीरकपुर ⟫ मंगलवार, 8 सितंबर 2026

वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने छाजली में 2 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले बी.डी.पी.ओ. कार्यालय का नींव पत्थर रखा

छह महीनों में पूरा होगा 6600 वर्ग फुट का प्रशासनिक केंद्र; नए ब्लॉक से ग्रामीण विकास को मिलेगी और रफ्तार: हरपाल सिंह चीमा

डेली आवाज भारती





छाजली/संगरूर। पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने छाजली में करीब 2 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले ब्लॉक विकास एवं पंचायत कार्यालय (बी.डी.पी.ओ.) की नई इमारत का नींव पत्थर रखा और टक लगाकर निर्माण कार्यों की औपचारिक शुरुआत की। उन्होंने कहा कि नया कार्यालय ग्रामीण प्रशासन को लोगों के और करीब लाने के साथ-साथ क्षेत्र के विकास को नई रफ्तार देगा। क्षेत्रवासियों, पंचायत समिति सदस्यों, चेयरमैनों, वाइस चेयरमैनों तथा पंचों-सरपंचों को बधाई देते हुए हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान द्वारा कुछ महीने पहले इस ब्लॉक को मंजूरी दी गई थी। उन्होंने कहा कि नया ब्लॉक कार्यालय अस्तित्व में आने से पंचायतों को अपने कार्यों के लिए दूर-दराज के ब्लॉक कार्यालयों में जाने की जरूरत समाप्त हो जाएगी और सेवाएं स्थानीय स्तर पर अधिक सुगम होंगी। वित्त मंत्री ने बताया कि 6600 वर्ग फुट में बनने वाली इस इमारत को छह महीने के भीतर पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यहां रिसेप्शन, चेयरमैन रूम, बी.डी.पी.ओ. रूम, स्टाफ हॉल, मीटिंग हॉल, रिकॉर्ड रूम, वेटिंग एरिया, नरेगा स्टाफ रूम और शौचालयों सहित आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। स. चीमा ने कहा कि सरकार की विकास-दृष्टि केवल इमारतें बनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह लोगों का समय बचाने, प्रशासनिक पहुंच को सुगम बनाने और ग्रामीण जीवन में सुविधाओं का दायरा बढ़ाने से जुड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि छाजली और आसपास के क्षेत्र में सड़कों, खेल मैदानों/स्टेडियम, एस्ट्रोटर्फ, स्कूल ऑफ एमिनेंस और स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के साथ विकास को बहुआयामी दिशा दी जा रही है। उन्होंने कहा कि युवाओं को गुणवत्तापूर्ण खेल सुविधाएं उपलब्ध करवाकर उनकी ऊर्जा को रचनात्मक दिशा देना भी सरकार की प्राथमिकता है। वित्त मंत्री ने कहा कि नहरी पानी खेतों तक पहुंचाने के लिए भी तेजी से कार्य किया जा रहा है, ताकि भूमिगत जल को आने वाली पीढ़ियां के लिए संरक्षित किया जा सके।

गांव पिंडी की मैन रोड पर हुए सड़क हादसे में व्यक्ति की हुई मौत

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): थाना गुरुहरसहाय की पुलिस ने बीते दिन फिरोजपुर-फाजिल्का रोड पर स्थित गांव पिंडी के पास हुए सड हादसे में मारे गए व्यक्ति के मामलें में शिकायतकर्ता के बयान पर अज्ञात स्वीफ्ट चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना गुरुहरसहाय के एएसआई बलदेव सिंह ने बताया कि पुलिस को दिए बयान में शिकायतकर्ता मलकीत सिंह पुत्र गुरदेव सिंह वासी बस्ती केसर सिंह वाली ने बताया कि मृतक बलविन्द्र सिंह पुत्र सज्जन सिंह वासी चक्क कंधे शाह की फिरोजपुर-फाजिल्का रोड पर किराना की दुकान है और वह बीते दिन अपनी दुकान पर बेटे गुरप्रीत सिंह को बिठाकर बाथरुम करने के लिए गया था। शिकायतकर्ता ने बताया कि जब वह बाथरुम करके हाथ धोकर सड पार करके दुकान पर आ रहा था तो गोलूका साईड से आ रही एक स्वीफ्ट कार के अज्ञात चालक ने उसे लापरवाही से टक्कर मार दी और कार उसके ऊपर से गुजर गई। जिससे बलविन्द्र सिंह की मौके पर ही मौत हो गई थी।

सहायक गर्वनर संदीप कंबोज को डायरैक्टर जैसरत संधू द्वारा किया गया सम्मानित



संदीप कंबोज को सम्मानित करते हुए जैसरत संधू व अन्य।

डेली आवाज भारती

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): रोटरी क्लब जलालाबाद द्वारा मंडी अरनीवाला में लगाए गए रक्तदान शिविर के दौरान रोटरी इंटरनेशनल 3090 के सहायक गर्वनर संदीप कंबोज को गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में सम्मानित किया गया। मालूम हो कि रोटरी क्लब जलालाबाद के डायरैक्टर जैसरत सिंह संधू और अध्यक्ष डा.गुरप्रीत सिंह द्वारा संदीप कंबोज को यह स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संदीप कंबोज ने रक्तदान शिविर के आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि रक्तदान एक महान समाज सेवा है और प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को जरूरतमंद मरीजों की मदद के लिए रक्तदान करने के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने शिविर के प्रबंधकों और सभी रक्तदाताओं का धन्यवाद करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास समाज में सेवा और मानवता की भावना को ओर मजबूत करते हैं। इस अवसर पर मनीष कंबोज पिंडी सहित प्रबंध कमेटी के सदस्यों और समाज सेवियों ने शिरकत की। शिविर के दौरान रक्तदाताओं ने उत्साह के साथ भाग लेते हुए मानवता की सेवा में अपना योगदान दिया।

ज़ीरकपुर के सर्वांगीण विकास और लोगों की समस्याओं के समाधान को लेकर विधायक रंधावा ने की अहम बैठकें

डेली आवाज भारती



ज़ीरकपुर,भार्गव गोयलः डेराबस्सी हलके के विधायक स. कुलजीत सिंह रंधावा ने आज नगर कांउसिल ज़ीरकपुर के मीटिंग हॉल में शहर के विकास, बिजली सप्लाई, कानून-व्यवस्था और लोगों से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ अहम बैठकें कीं। इन बैठकों के दौरान तहसीलदार स. बीरकरण सिंह की मौजूदगी में नगर काउंसिल प्रधान, एम.सी. साहिबान, वार्ड इंचार्जों, नगर काउंसिल के अधिकारियों और स्टाफ सदस्यों के साथ शहर के विकास कार्यों तथा लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने संबंधी विचार-विमर्श किया गया। इसके अलावा विधायक रंधावा ने ए.एस.पी. ज़ीरकपुर सहित सब-डिवीजन के पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक कर शहर की कानून-व्यवस्था, ट्रैफिक व्यवस्था और लोगों की सुरक्षा से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा की।

बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ हुई बैठक के दौरान ज़ीरकपुर में बिजली सप्लाई से संबंधित समस्याओं, बिजली के बुनियादी ढांचे और लोगों को पेश आ रही दिक्कतों पर विचार-विमर्श किया गया। विधायक रंधावा ने अधिकारियों को लोगों की बिजली संबंधी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने और बिजली सप्लाई को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। विधायक स. कुलजीत सिंह रंधावा ने कहा कि ज़ीरकपुर के सर्वांगीण विकास, लोगों की सुरक्षा, बेहतर बुनियादी सुविधाओं और सुचारू प्रशासन को सुनिश्चित करने के लिए सभी विभागों के साथ तालमेल बनाकर काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लोगों की समस्याओं का समय पर समाधान करना और शहर के विकास कार्यों को और गति देना उनकी प्राथमिकता है।

वित्त मंत्री की अगुवाई में 'युद्ध नशों के विरुद्ध' अभियान के तहत विलेज एवं वार्ड डिफेंस कमेटियों, पुलिस और सिविल प्रशासन के साथ जिला स्तरीय समीक्षा बैठक

युद्ध नशों के विरुद्ध' नशा छोड़ने वालों के लिए उम्मीद की राह और तस्करों के लिए आफत बनाः हरपाल सिंह चीमा

डेली आवाज भारती



संगरूर। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान द्वारा पंजाब को नशा मुक्त बनाने के लिए शुरू किए गए 'युद्ध नशों के विरुद्ध' अभियान को जमीनी स्तर पर और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा की अगुवाई में संगरूर में विलेज एवं वार्ड डिफेंस कमेटियों, ब्लॉक कोऑर्डिनेटरों तथा सिविल एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के साथ जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा दृढ़ संकल्प के साथ शुरू किए गए इस अभियान के उत्साहजनक परिणाम सामने आ रहे हैं। नशे की गिरफ्त से बाहर निकलकर स्वस्थ जीवन अपनाने के लिए लोग आगे आ रहे हैं, जबकि तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई ने नशे के कारोबार पर करारा प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि यह अभियान नशा छोड़ने वालों के लिए वरदान और तस्करों के लिए आफत साबित हुआ है। वित्त मंत्री ने कहा कि नशों के खिलाफ जीत केवल तस्करों को पकड़ने से नहीं, बल्कि नशे की मांग कम करने और नशा पीड़ितों को दोबारा समाज की मुख्यधारा से जोड़ने से संभव होगी। उन्होंने विलेज एवं वार्ड डिफेंस कमेटियों से पंचायतों, धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं तथा युवाओं के साथ सीधा संवाद बढ़ाकर इस अभियान को हर घर की सामूहिक आवाज बनाने का आह्वान किया। उन्होंने अधिकारियों को नशों संबंधी शिकायतों का समयबद्ध निपटारा करने, आवश्यक स्थानों पर निगरानी कैमरे लगाने तथा नशा मुक्ति केंद्रों के बुनियादी ढांचे को और मजबूत करने के निर्देश दिए। विधायक नरेंद्र कौर भराज ने कहा कि नशा बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई के साथ-साथ नशे की मांग को कम करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। माता-पिता और बच्चों के बीच संवाद, पारिवारिक सहभागिता तथा युवाओं को खेलों से जोड़ना नशों के खिलाफ प्रभावी सामाजिक कवच बन सकता है। उन्होंने विलेज एवं वार्ड डिफेंस कमेटियों और प्रशासन द्वारा युवाओं को नशे की दलदल से बाहर निकालने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर डिप्टी कमिश्नर पूनमदीप कौर, एस.एस.पी. डॉ. रवजोत कौर ग्रेवाल, सिविल सर्जन डॉ. अमरजीत कौर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कमेटियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

सुखबीर सिंह बादल की 'पंजाब बचाओ, अकाली दल लियाओ' रैली को लेकर अकाली कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह, तैयारियां पूरी

डेली आवाज भारती



खरड़, (संदीप अकालगढ़िया): शिरोमणि अकाली दल (बादल) के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल द्वारा चलाई जा रही 'पंजाब बचाओ, अकाली दल लियाओ' मुहिम के तहत हलका खरड़ के गांव पलहेड़ी (न्यू चंडीगढ़) में 10 सितंबर को सुबह 11 बजे होने वाली विशाल रैली की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। हलका खरड़ के मुख्य सेवादार रविंदर सिंह खेड़ा के नेतृत्व में पार्टी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं की टीम पूरे उत्साह के साथ रैली के प्रबंधों को अंतिम रूप देने में जुटी हुई है। रैली के प्रबंधों का जायजा लेते हुए सरपरस्त इंदरवीर सिंह, शहरी प्रधान एवं पार्षद प्रदीप रूड़ा तथा एस.सी. विंग के हलका प्रधान प्रीतमहिंदर बिट्टा ने कहा कि पंजाब के लोग मौजूदा आम आदमी पार्टी सरकार की नाकाम नीतियों से बुरी तरह परेशान हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि 'आप' सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है, जिसके चलते गांवों और शहरों के लोगों में शिरोमणि अकाली दल के प्रति भारी उत्साह देखने को मिल रहा है।

अकाली नेताओं ने दावा किया कि कुराली एवं आसपास के क्षेत्रों से लोगों के बड़े काफिले बसों, ट्रैक्टर-ट्रॉलियों, कारों एवं मोटरसाइकिलों के माध्यम से गांव पलहेड़ी पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि यह विशाल जनसमूह हलका खरड़ के इतिहास में एक नया मील का पत्थर साबित होगा तथा आम आदमी पार्टी सरकार के खिलाफ लोगों के रोष को उजागर करेगा। इस अवसर पर यूथ अकाली नेता अमृतपाल सिंह लाला, हरमिंदर सिंह काला, जसवीर सिंह बिल्ला, गुरुद्वारा हरगोबिंदगढ़ साहिब के प्रधान स्वर्ण सिंह, रणजीत सिंह नोना पडियाला, वरिंदर सिंह चनालों, जगदीश सिंह खैड़पुर, बलविंदर सिंह रकौली एवं अश्वनी शर्मा सहित बड़ी संख्या में पार्टी नेता एवं समर्थक उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत फाटवां से श्रद्धालुओं से भरी बस रवाना (परमिंदर सिंह गोल्डी)

डेली आवाज भारती



फाटवां, -संदीप अकालगढ़िया : मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत आज हलका खरड़ के गांव फाटवां से श्रद्धालुओं को विभिन्न धार्मिक स्थलों के दर्शन करवाने के लिए ले जाने वाली बस को रवाना किया गया। बस को हलका इंचार्ज खरड़ परमिंदर सिंह गोल्डी द्वारा रवाना किया गया। इस अवसर पर गांववासियों एवं श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह और खुशी का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर सरपंच परमिंदर कौर, पंचायत सदस्य दलजीत सिंह सहित गांव के गणमान्य व्यक्ति तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। बस के रवाना होने के समय श्रद्धालुओं में धार्मिक यात्रा को लेकर काफी उत्साह दिखाई दिया। इस अवसर पर परमिंदर सिंह गोल्डी ने कहा कि मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना पंजाब सरकार की ओर से श्रद्धालुओं को विभिन्न धार्मिक स्थलों के दर्शन करवाने के उद्देश्य से शुरू की गई एक सराहनीय पहल है। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत पंजाब के विभिन्न गांवों और शहरों से श्रद्धालुओं को प्रमुख धार्मिक स्थलों की यात्रा के लिए मुफ्त बस सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है।

उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं को श्री दरबार साहिब श्री अमृतसर, वृंदावन, खाटू श्याम जी और सालासर बालाजी सहित विभिन्न प्रमुख धार्मिक स्थलों के दर्शन करवाने के लिए बसों के माध्यम से ले जाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस योजना का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि हर वर्ग के लोग बिना किसी आर्थिक बोझ के धार्मिक स्थलों के दर्शन कर सकें। परमिंदर सिंह गोल्डी ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार की ओर से प्रदेश के हर वर्ग के कल्याण को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि युवाओं को खेलों से जोड़ने के लिए गांवों में खेल मैदान तैयार किए जा रहे हैं तथा युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के लिए सरकारी नौकरियां प्रदान की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी लगातार कार्य किया जा रहा है तथा नए अस्पतालों और स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में कदम उठाए जा रहे हैं। इसी प्रकार बच्चों को बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से प्रदेश में स्कूल ऑफ एमिनेंस स्थापित किए जा रहे हैं, ताकि विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा के साथ बेहतर सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने आगे कहा कि पंजाब सरकार की ओर से बिजली के क्षेत्र में भी लोगों को राहत प्रदान की गई है तथा मुफ्त बिजली की सुविधा से बड़ी संख्या में परिवार लाभान्वित हो रहे हैं उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, खेल, बिजली तथा धार्मिक यात्रा सहित विभिन्न क्षेत्रों में लोगों को सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लोगों को अपनी धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत से जोड़ना भी सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के माध्यम से श्रद्धालुओं को पवित्र धार्मिक स्थलों के दर्शन करने का अवसर मिल रहा है, जिससे लोगों में खुशी एवं संतोष की भावना देखने को मिल रही है। गांव फाटवां से बस रवाना करते समय श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने इस यात्रा को लेकर खुशी व्यक्त करते हुए धार्मिक स्थलों के दर्शन के लिए उपलब्ध करवाई जा रही इस सुविधा की सराहना की। बस के रवाना होने के समय पूरा वातावरण धार्मिक श्रद्धा, खुशी और उत्साह से भर गया।

श्री राधा कृष्ण मंदिर में श्रद्धा एवं उल्लास से मनाई श्री कृष्ण जन्माष्टमी

भजन संध्या में भक्तों ने किया प्रभु भक्ति का आनंद, 56 भोग व लंगर का हुआ आयोजन

डेली आवाज भारती



बटाला, (अमंदीप संधू): श्री राधा कृष्ण मंदिर गौशाला दैनिक प्रार्थना सभा रजिस्टर्ड, बटाला में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पावन पर्व श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शहर के प्रसिद्ध गायक श्री अशोक सल्होत्रा एवं उनकी मंडली द्वारा भगवान श्री कृष्ण की महिमा का गुणगान करते हुए भजनों की प्रस्तुति दी गई। भजन संध्या के दौरान श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर होकर झूमने लगे और मंदिर परिसर पूरी तरह भक्तिमय हो गया। सती लक्ष्मी देवी गौशाला ट्रस्ट रजिस्टर्ड बटाला के संयुक्त सचिव श्री संदीप आजाद ने बताया कि जन्माष्टमी समारोह का शुभारंभ प्रतिदिन की तरह आरती के साथ किया गया। इसके उपरांत श्रद्धालुओं द्वारा हवन किया गया। शाम 4 बजे से प्रभु इच्छा तक भजन संध्या का आयोजन किया गया। मंदिर के पुजारी पंडित राम प्रसाद द्वारा विधिवत आरती की गई। रात्रि 11:30 बजे भगवान श्री कृष्ण का अभिषेक किया गया। इसके बाद आरती कर भगवान को 56 प्रकार के व्यंजनों का भोग अर्पित किया गया तथा प्रसाद श्रद्धालुओं में वितरित किया गया। इस अवसर पर श्री गौतम गुड्डू सेठ, श्री राजा, श्री अमनदीप जैंतीपुरिया, श्री प्रदीप अपनी धर्मपत्नी सहित तथा डिप्टी मेयर श्री अमित महंत ने मंदिर में पहुंचकर भगवान श्री कृष्ण के चरणों में नतमस्तक होकर आशीर्वाद प्राप्त किया। दैनिक प्रार्थना सभा रजिस्टर्ड बटाला के डायरेक्टर श्री अशोक अग्रवाल ने मंदिर में पहुंचे सभी श्रद्धालुओं को श्री कृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने लोगों से अपने बच्चों को भारतीय संस्कृति एवं धार्मिक संस्कारों से जोड़ने का आह्वान किया। मंदिर के सचिव श्री देवेंद्र भनोट ने सभी श्रद्धालुओं का धन्यवाद किया। वहीं एग्जीक्यूटिव सदस्य श्री सुनील युमन ने जन्माष्टमी समारोह को सफल बनाने में बटाला शहरवासियों द्वारा दिए गए सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के समापन के बाद मंदिर की सेविकाओं सुश्री तरेश शर्मा, सुश्री रजनी शर्मा, सुश्री नीतू शर्मा, सीमा शर्मा, सुश्री रूबी खोसला एवं सुश्री सुमन महाजन द्वारा श्रद्धालुओं के लिए कढ़ी-चावल का लंगर लगाया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद एवं लंगर ग्रहण किया।

बलविंदर सिंह लाडी ने गांव शाहबाद में 'मेरी रसोई योजना' के तहत जरूरतमंद परिवारों को राशन किटें वितरित कीं

डेली आवाज भारती



श्री हरगोबिंदपुर साहिब/बटाला, 7 सितंबर (अमनदीप संधू): श्री हरगोबिंदपुर साहिब से आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक बलविंदर सिंह लाडी ने गांव शाहबाद में 'मेरी रसोई योजना' के तहत आयोजित लोक मिलनी के दौरान जरूरतमंद परिवारों को राशन किटें वितरित कीं। इस अवसर पर बातचीत करते हुए बलविंदर सिंह लाडी ने कहा कि मान सरकार ने पंजाब के लोगों से किए सभी वादे पूरे किए हैं और उससे भी बढ़कर कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा भेजी गई इस विशेष राशन किट में गरीब परिवारों की रोजमर्रा की रसोई में इस्तेमाल होने वाली गुणवत्तापूर्ण वस्तुएं शामिल हैं, जो सीधे जरूरतमंद परिवारों तक पहुंचाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि मान सरकार हर वर्ग के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और किसी भी जरूरतमंद परिवार को राशन से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा। इस अवसर पर राशन किटें प्राप्त करने वाले लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार एवं बलविंदर सिंह लाडी का धन्यवाद किया। उन्होंने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार द्वारा प्रदान की जा रही ये सुविधाएं बिना किसी भेदभाव के सही समय पर सीधे जरूरतमंदों तक पहुंच रही हैं, जिससे आम लोगों को बड़ी आर्थिक राहत मिल रही है।

जीरा पुलिस ने 2 ग्राम हैरोइन के साथ 1 को गिरफ्तार किया

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना जीरा सिटी की पुलिस ने डीएसपी जसपाल सिंह ढिल्लों के दिशा निर्देशानुसार नशा बेचने वाले लोगों के खिलाफ चलाई मुहिम तहत बीते दिन गश्त व चैकिंग के दौरान 1 व्यक्ति को शक के अधार पर गिरफ्तार करके उसके कब्जे से हेरोइन बरामद की है। उक्त मामलें में पुलिस ने गिरफ्तार किए व्यक्ति पर एनडीपीएस एक्ट तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना सिटी जीरा के एएसआई निर्मल सिंह ने बताया कि उन्होंने बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान शक के अदार पर हरप्रीत सिंह उर्फ निक्का पुत्र महिन्द्र सिंह वासी समाधी मुहल्ला जीरा को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से तलाशी के दौरान 2 ग्राम हेरोइन बरामद की है। मामले की जांच कर रहे निर्मल सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामले में दोषी हरप्रीत पर मामला दर्ज कर अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

page 4_Layout 1 07-09-2026 17:04 Page 1

गुरु की कृपा से इंसान अपने अंदर मौजूद भगवान को पा सकता है : साध्वी करमाली भारती

दिव्य ज्योति जागृति संस्थान की तरफ से सप्ताहिक सत्संग प्रोग्राम आयोजित

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): दिव्य ज्योति जागृति संस्थान फिरोजपुर के स्थानीय आश्रम में श्रद्धा और आध्यात्मिक माहौल में साप्ताहिक सत्संग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में भक्तों ने शामिल होकर सत्संग का लाभ उठाया। इस दौरान भजन-कीर्तन, आध्यात्मिक विचारों और गुरु महिमा के जरिए भक्तों को आध्यात्मिक जीवन से जोड़ने का संदेश दिया गया। इस मौके पर आशुतोष महाराज की परम शिष्या साध्वी करमाली भारती ने भक्तों को संबोधित करते हुए रूप सागर से पार होना केवल पूर्ण गुरु की शरण से ही संभव है विषय पर विस्तार से विचार साझा किए। साध्वी करमाली भारती ने कहा कि इंसानी जीवन को अक्सर रूप सागर के समान बताया गया है, जिसमें इंसान भ्रम, चिंताओं, इच्छाओं और दुनियावी उलझनों में



दिव्य ज्योति जागृति संस्थान की तरफ से आयोजित साप्ताहिक सत्संग प्रोग्राम में प्रवचन करती हुई साध्वी एवं उपस्थित संगत।

उलझकर अपने जीवन के असली मकसद से दूर हो जाता है। इस भव सागर को पार करने के लिए केवल बाहरी ज्ञान या कर्मकांड काफी नहीं हैं, बल्कि इंसान को पूर्ण गुरु की शरण लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पूर्ण गुरु की तलाश करना और उनकी शरण में जाना इंसान की जिंदगी का एक अहम मकसद है। गुरु की कृपा से इंसान अपने अंदर मौजूद भगवान को पा सकता है और उनसे जुड़े भक्ति मार्ग पर आगे बढ़ सकता है। जब इंसान अपने अंदर मौजूद भगवान के प्रकाश का अनुभव करता है, तो उसकी सोच, जीवन के नज़रिए और व्यवहार में भी अच्छे बदलाव आने लगते हैं। साध्वी जी ने कहा कि आज इंसान बाहरी सुखों को पाने के लिए लगातार भाग रहा है, लेकिन असली शांति और संतुष्टि आध्यात्मिक ज्ञान और भगवान से जुड़े र ही मिल सकती है। उन्होंने कहा कि पूर्ण गुरु इंसान को सही आध्यात्मिक रास्ता दिखाते हैं और उसे जिंदगी का असली मकसद समझने के लिए प्रेरित करते हैं। संगत को प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा कि हमें अपनी रोज़ाना की जिंदगी में सत्संग से जुड़ना चाहिए, गुरु की शिक्षाओं को समझना चाहिए और उन्हें अपनी जिंदगी में अपनाना चाहिए। जब इंसान अंदर से बदलता है, तो इसका असर उसके परिवार और समाज पर भी पड़ता है और समाज में प्यार, मेलजोल और इंसानी मूल्य मज़बूत होते हैं। इस मौके पर साध्वी हरजीत भारती की तरफ से भजन कीर्तन भी गया। भजन कीर्तन के दौरान पूरा आश्रम आध्यात्मिक माहौल से भर गया और लोगों ने भक्ति भाव से कीर्तन का आनंद लिया।



जिला स्कूल हैंडबॉल खेलों में तूत स्कूल के लड़के-लड़कियां बने चैंपियन

- लगातार 27वें साल तूत की लड़कियों ने जिला स्तर पर जीत हासिल कर रचा इतिहास

डेली आवाज भारती



जिला स्कूल हैंडबॉल खेलों में जीत हासिल करने वाली तूत स्कूल की विजेता टीम को सम्मानित करते हुए गणमांय एवं प्रबंधक।

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): 2 से 6 सितंबर तक डीईओ सेकेंडरी मनीला अरोड़ा और डिप्टी डीईओ डा.सतिन्द्र की अध्यक्षता में स्टेट अवार्डी स.जसवीर सिंह के योग्य नेतृत्व के अधीन सरकारी हाई स्कूल तूत में जिला स्कूल हैंडबॉल खेल करवाए गए। इस टूर्नामेंट में जिले भर से 42 टीमों ने भाग लिया और यह खेल डीपी मैडम अमनदीप कौर कंवीनर की देख-रेख में संपन्न हुए। मालूम हो कि लड़कियों के तीनों ही वर्गों अंडर 14, अंडर 17, अंडर 19 में तूत स्कूल की लड़कियों ने पहला स्थान प्राप्त किया। इस दौरान टीम के कोच स्टेट अवार्डी स.जसवीर सिंह, जगमीत सिंह जिला हैंडबॉल कोच, मलकीत सिंह ने बताया कि लगातार 27वें साल तूत की लड़कियों ने जिले में जीत हासिल की है और यह अपने आप में एक मिसाल है। इस मौके पर खिलाडि ों ने अपनी इस जीत का श्रेय अपने मेहनती कोचों स.जसवीर सिंह, जगमीत सिंह और गुरप्रीत सिंह को दिया। जबकि लड़कों के अंडर 14 मुकाबले में गुरु रामदास पब्लिक स्कूल शाहदीन वाला पहले स्थान पर रहा। अंडर-17 लडे ों में तूत के लडे ों ने पहला स्थान प्राप्त किया और अंडर 19 लडे ों में पहले स्थान पर मैरिटोरियस स्कूल हुकूमत सिंह वाला रहा। टूर्नामेंट को अच्छे ढंग से कराने के लिए रेफरी सुरिंदर सिंह, पवनदीप सिंह, सिमरनजीत सिंह, दर्शन सिंह, अजय कुमार, रमनदीप सिंह, चमकौर सिंह, गुरजीत सिंह, चमकौर सिंह और अमरजीत कौर ने अहम भूमिका निभाई। इस दौरान खिलाडि ों के लिए खाने और रिफ्रेशमेंट का प्रबंध सरपंच स्वर्ण सिंह धालीवाल, स्कूल मैनेजमेंट कमेटी के चेयरमैन भूपिंदर सिंह, बलदेव सिंह सिद्धू, राजपाल सिंह, हवलदार अवतार सिंह, अमृत पाल सिंह, कमलजीत सिंह सिद्धू और समूह पंचायत सदस्यों के सहयोग से किया गया। अंत में विजेता खिलाड़ियों और टीम के कोचों को स्कूल के समूह स्टाफ मैडम जसपाल कौर, मीनू मल्होत्रा, पूजा, चरणजीत कौर, सिमरजीत कौर, सुखप्रीत कौर, गीतु, सुखजीत कौर, लवप्रीत कौर, दिनेश चौहान, मलकीत सिंह और हरप्रीत सिंह द्वारा बधाई दी गई।

करोड़ों की 1 किलो 964 ग्राम आईस ड्रगस, क्रूज गाड़ी व मोबाईल फोन सहित 1 गिरफ्तार

- पुलिस ने गिरफ्तार किए व्यक्ति के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट तहत दर्ज किया मामला

डेली आवाज भारती



फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना कुलगड़ी की पुलिस ने पंजाब सरकार की नशा विरोधी मुहिम तहत जिला प्रमुख स.भूपिन्द्र सिंह के दिशा निर्देशानुसार बीते दिन गश्त व चैकिंग के दौरान 1 नशा तस्कर को करोड़ों की कीमत की आईस ड्रग, क्रूज कार और 1 मोबाईल फोन सहित गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। उक्त मामलें में पुलिस ने गिरफ्तार किए व्यक्ति पर एनडीपीएस एक्ट तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना कुलगड़ी के एसआई बलजीत सिंह ने बताया कि उन्हें बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान सूचना मिली थी कि हर्शदीप सिंह उर्फ पियूश पुत्र कंवर पाल सिंह वासी मकान नंबर 1329 गली नंबर 5 नजदीक बाबा दीप सिंह गुरु घर अशोक नगर खंजूर चौक लिलुधियाना आईस ड्रग बेचने का काम करता है और वह आज भी भारी मात्रा में आईस ड्रग बेचने के लिए अपनी गाड़ी क्रूज नंबर पीबी-10एई-6262 पर सवार होकर दाना मंडी गांव सांदे हाशम में खड़ा ग्राहकों का इंतजार कर रहा है। जिस पर पुलिस ने छापेमारी करके हर्शदीप को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 1 किलो 964 ग्राम आईश ड्रग, 1 गाड़ी क्रूज व 1 मोबाईल फोन ओपो कंपनी का बरामद किया है। मामले की जांच कर रहे बलजीत सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलें में हरदीप सिंह पर मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

24 लाख रुपए की राशि दिलवाने का झांसा देकर 5 लाख 50 हजार ठगे

- पुलिस ने पीड़ित के बयान पर चार लोगों पर दर्ज किया धोखाधड़ी का मामला

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना सिटी फिरोजपुर की पुलिस ने एक व्यक्ति को उसके पैसे दिलवने का झांसा देकर उसके साथ लाखों रुपए की ठगी करने वाले चार लोगों के खिलाफ पुलिस ने धोखाधड़ी की विभिन्न धाराओं तहत शिकायतकर्ता के बयान पर मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना सिटी फिरोजपुर के एएसआई जगरुप सिंह पुत्र जगीर सिंह वासी चूच विंड जिला फिरोजपुर ने बताया कि वह ट्रैक्टर-ट्रालियां खरीदने और बेचने का काम करता है और उसने जीत सिंह से 24 लाख रुपए लेने थे, जिसकी जिम्मेवारी लेते हुए दोषियों ने उससे 2 लाख 50 हजार की राशि की मांग की थी। पीड़ित ने बताया कि उसके बाद दोषी रुना राजपूत पत्नी गुरदीप सिंह, गुरदीप सिंह उर्फ दीपा, सुखा उर्फ बाबा व लव चौहान पुत्र सुखा बाबा वासी हाऊसिंग बोर्ड कालोनी फिरोजपुर शहर ने पैसे दिलवाने के लिए उससे 5 लाख 50 हजार रुपए लिए, लेकिन उसे पैसे ना दिलवाकर धोखाधड़ी की है। मामले की जांच कर रहे आयूब मसीह ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलें में दोषियों पर मामला दर्ज कर अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

मोटरसाईकिल सवार दो लोग 15 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): थाना गुरुहरसहाय की पुलिस ने उच्चाधिकारियों के दिशा निर्देशानुसार नशा बेचने वाले लोगों के खिलाफ चलाई मुहिम तहत गश्त व चैकिंग के दौरान मिली सूचना के अधार पर मोटरसाईकिल सवार दो लोगों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से हेरोइन बरामद की है। उक्त मामलें में पुलिस ने गिरफ्तार किए व्यक्तियों पर एनडीपीएस एक्ट तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना गुरुहरसहाय के एस.आई ईश्वर सिंह ने बताया कि उन्हें बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान सूचना मिली थी कि पारस पुत्र राजू वासी आवा बस्ती भारत नगर फिरोजपुर शहर और रीतिक पुत्र हीरा वासी दुलचीके रोड गोल बाग फिरोजपुर शहर हेरोइन खरीदने और बेचने के आदि है और आज भी वह दाना मंडी के गेट पर खड़े ग्राहकों का इंतजार कर रहे है।

33.39 ग्राम हेरोइन, नशा करने वाले सामान और कार सहित पुलिस ने 3 को गिरफ्तार किया

- गिरफ्तार लोगों के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट तहत दर्ज किए मामलें

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना सिटी फिरोजपुर की पुलिस ने एसएसपी फिरोजपुर भूपिन्द्र सिंह के दिशा निर्देशानुसार नशा बेचने वाले लोगों पर कार्रवाई करने के लिए चलाई मुहिम तहत बीते दिन गश्त व चैकिंग के दौरान विभिन्न मामलो में कार्रवाई करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 33.39 ग्राम हेरोइन, कार एवं नशा करने वाला सामान बरामद किया है। उक्त मामलों में पुलिस ने गिरफ्तार किए लोगों पर एनडीपीएस एक्ट की धाराओं तहत थाना सिटी, थाना छावनी फिरोजपुर और थाना तलवंडी भाई में मामलें दर्ज किए है। जानकारी अनुसार थाना सिटी फिरोजपुर के एस.आई रमन कुमार ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान शक के अधार पर रानी पत्नी हंस राज वासी बस्ती शेखां वाली सिटी फिरोजपुर को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 30 ग्राम हेरोइन, थाना छावनी फिरोजपुर के एस.सुखबीर सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान मिली सूचना के अधार पर कार वरना नंबर पीबी-04आर-8880 पर सवार गुरतेज सिंह पुत्र दर्शन सिंह वासी गांव सादे हाशम को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 3.39 ग्राम हैरोईन बरामद की है।

सैंट राऊ दास गुरुकुल स्कूल में सम्मान और उत्साह के साथ मनाया गया शिक्षक दिवस

शिक्षक केवल किताबें नहीं पढ़ाते, वह जीवन जीना सिखाते हैं : प्रिंसिपल प्रसन्नता रानी

डेली आवाज भारती

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): सैंट राऊ दास गुरुकुल स्कूल गोलूका में स्कूल की प्रिंसिपल और मैनेजमेंट कमेटी की सदस्य प्रसन्नता रानी के नेतृत्व में बीते दिन शिक्षक दिवस बड़े उत्साह, सम्मान और प्यार से मनाया गया। मालूम हो कि यह दिन पूर्व राष्ट्रपति डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन को समर्पित है। स्कूल में समारोह में सुबह ही विद्यार्थियों ने स्कूल के गेट पर खड़े होकर सभी शिक्षकों का फूलों से स्वागत किया और बच्चों ने अपने हाथों से बनाए कार्ड, फूल और कलम शिक्षकों को उपहार के रूप में दिए। इस दिन की सबसे खास बात यह रही कि



सैंट राऊ दास गुरुकुल स्कूल में मनाए गए शिक्षक दिवस में अध्यापकों को सम्मानित करते हुए प्रबंधक।

विद्यार्थी एक दिन के लिए शिक्षक बने और बच्चों को शिक्षकों की मेहनत का एहसास हुआ। छात्राओं ने गुरु बिन ज्ञान नहीं शब्द पर कोरियोग्राफी प्रस्तुत की और कुछ विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के लिए धन्यवाद भरी कविता सुनाई। इसके साथ ही 8वीं के बच्चों ने शिक्षकों की नकल करके सबको हंसा-हंसा कर लोट-पोट कर दिया। इस मौके पर स्कूल की प्रिंसिपल और मैनेजमेंट कमेटी की सदस्य प्रसन्नता रानी ने कहा कि शिक्षक केवल किताबें नहीं पढ़ाते, वह जीवन जीना सिखाते हैं। स्कूल प्रिंसिपल द्वारा सभी शिक्षकों को बहुत सुंदर उपहार भेट किए गए और अंत में सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने मिलकर केक काटा और स्कूल की ओर से सभी को मिठाई बांटी गई।

पंजाब के सरकारी नशा मुक्ति केंद्रों में दाखिल होने वाले पीड़ितों की संख्या एक वर्ष में 164 प्रतिशत तक बढ़ी

पंजाब के नशा मुक्ति एवं पुनर्वास ढांचे पर लोगों का विश्वास लगातार बढ़ रहा

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़, राहुल गोयल। 'युद्ध नशों विरुद्ध' अभियान के तहत भगवंत मान सरकार द्वारा संचालित नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्रों में दाखिल होने वाले मरीजों की संख्या में लगातार हो रही वृद्धि प्रदेश की उपचार व्यवस्था के प्रति लोगों के बढ़ते विश्वास का मजबूत संकेत है। सरकारी नशा मुक्ति केंद्रों में दाखिल होने वाले पीड़ितों की संख्या वर्ष 2024 में 9,577 थी, जो वर्ष 2025 में बढ़कर 25,290 हो गई। यह 164 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि को दर्शाती है। यह रुझान वर्ष 2026 में भी जारी रहा और इस वर्ष जुलाई तक 14,000 से अधिक नशा पीड़ित सरकारी नशा मुक्ति केंद्रों में दाखिल हो चुके थे। उल्लेखनीय है कि नशा पीड़ितों के दाखिलों में यह वृद्धि विशेष रूप से मार्च 2025 में शुरू किए गए 'युद्ध नशों विरुद्ध' अभियान के बाद देखने को मिली है। यह वृद्धि इस बात का मजबूत संकेत है कि अधिक से अधिक परिवार और व्यक्ति नशे की समस्या से जूझ रहे अपने प्रियजनों अथवा स्वयं को सामाजिक कलंक के अंधेरे में रखने के बजाय उपचार केंद्रों तक पहुंचने के लिए आगे आ रहे हैं। ऐसे प्रदेश में, जहां नशे की लत से जूझ रहे लोगों को उचित उपचार व्यवस्था उपलब्ध होने तक वर्षों तक इस समस्या का सामना करना पड़ा हो, इस तरह की पहल का बढ़ता प्रभाव विशेष महत्व रखता है। जैसे-जैसे उपचार और पुनर्वास सुविधाएं नशा विरोधी इस पहल का महत्वपूर्ण हिस्सा बन रही हैं, वैसे-वैसे ध्यान केवल समस्या की पहचान तक सीमित न रहकर प्रभावित लोगों को सक्रिय रूप से उपचार से जोड़ने और उनके पुनर्वास में सहयोग प्रदान करने पर केंद्रित हो रहा है। प्रदेश के पुनर्वास ढांचे में भी इसी तरह की महत्वपूर्ण वृद्धि दर्ज की गई है। सरकारी पुनर्वास केंद्रों में नशा पीड़ितों के दाखिलों की संख्या वर्ष 2024 में 2,644 थी, जो वर्ष 2025 में बढ़कर 8,574 हो गई। यह 224 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि को दर्शाती है। वर्ष 2026 में जुलाई तक ही 5,800 से अधिक पीड़ित इन केंद्रों में दाखिल हो चुके थे, जो वर्ष 2025 में दर्ज कुल दाखिल मरीजों का लगभग 68 प्रतिशत है। उपचार की बढ़ती पहुंच पंजाब के आउटपेशेंट ओपिओइड-असिस्टेड ट्रीटमेंट (ओओएटी) क्लीनिक नेटवर्क के माध्यम से भी दिखाई देती है। इसके तहत नई पंजीकरण संख्या वर्ष 2024 में 13,033 से बढ़कर वर्ष 2025 में 17,702 हो गई, जबकि इस वर्ष अगस्त तक 12,500 से अधिक नए मरीज पंजीकृत हो चुके हैं। ये आंकड़े एक ऐसे व्यापक उपचार ढांचे की ओर संकेत करते हैं, जिसमें नशीले पदार्थों पर निर्भरता से जूझ रहे लोगों के लिए सहायता प्राप्त करने के अनेक विकल्प उपलब्ध हैं–नशा मुक्ति केंद्रों और पुनर्वास सुविधाओं से लेकर आउटपेशेंट उपचार तक विभिन्न प्रकार की सेवाएं लोगों को उपलब्ध कराई जा रही हैं। राज्य सरकार ने कानून के तहत उपलब्ध पुनर्वास संबंधी प्रावधानों का भी प्रभावी उपयोग किया है।

फिरोजपुर मंडल ने अगस्त में ग्राहक अनुकूल पहलों के साथ माल परिवहन सेवाओं को दी गति

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): फिरोजपुर मंडल ने मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार के मार्गदर्शन में अगस्त 2026 के दौरान शानदार माल लोडिंग करते हुए 124.72 करोड़ का राजस्व अर्जित किया, जो प्रधान कार्यालय द्वारा निर्धारित लक्ष्य से लगभग 28 प्रतिशत अधिक है। इसमें खाद्यान्न लोडिंग से 108.79 करोड़ तथा पीसमील लोडिंग से 0.25 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ। साथ ही, कंटेनर डिपो ढंडारी कलां से दादरी के लिए कन्कोर के एक्सपोर्ट कंटेनर रेक की पहली सफल लोडिंग की गई। इस पहल से प्रति माह 2 अतिरिक्त कंटेनर रेक का यातायात मिलेगा तथा प्रत्येक शनिवार साप्ताहिक सेवा के माध्यम से जवाहरलाल नेहरू पोर्ट, मुंद्रा कंटेनर टर्मिनल और पिपावाव पोर्ट तक निर्यात माल की तेज एवं सुगम आवाजाही सुनिश्चित होगी। फिरोजपुर मंडल ने अगस्त माह में लोडिंग के क्षेत्र में कई नई उपलब्धियां हासिल कीं। साहनेवाल से अनंतनाग के लिए पहली बार एफ.एम.सी.जी तथा नवांशहर दोआबा से अनंतनाग के लिए कैटल फीड का पीसमील वैगन सफलतापूर्वक रवाना किया गया। इसके अतिरिक्त, लुधियाना एवं अमृतसर स्टेशनों पर पार्सल पार्किंग एवं स्टैकिंग सुविधाओं का आवंटन तथा ट्रेन संख्या 14624 में एस.एल.आर लीजिंग अनुबंध सफलतापूर्वक अलॉट किया गया, जिससे यात्रियों की सुविधा के साथ-साथ रेलवे की आय में भी वृद्धि होगी। वरिष्ठ मंडल वाणि'य प्रबंधक/फ्रेट परमदीप सिंह सैनी ने बताया कि फिरोजपुर मंडल द्वारा माल ढुलाई को बढ़ावा देने के लिए नए वस्तु एवं नए माल ग्राहकों की पहचान, बिजनेस डेवलपमेंट यूनिट के माध्यम से व्यापारियों से निरंतर संपर्क तथा तेज और इको-फ्रेंडली माल परिवहन सुविधाओं पर विशेष जोर दिया जा रहा है। यह पहल माल ढुलाई सुविधाओं का विस्तार करने, लॉजिस्टिक्स बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और कार्गो की कुशल आवाजाही सुनिश्चित कर ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने के मंडल के निरंतर प्रयासों को दर्शाती हैं।

स्थ, नशामुक्त 'रंगला पंजाब' बनाने के लिए खेलों को अपनाएं: कुलतार सिंह संधवां

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़, राहुल गोयल: पंजाब विधानसभा के स्पीकर स. कुलतार सिंह संधवां ने आज राज्य के युवाओं से खेलों में सक्रिय रूप से भाग लेने की अपील की, ताकि उनके सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित किया जा सके और पंजाब की सदियों पुरानी खेल विरासत का गौरव बहाल किया जा सके। स्पीकर ने कहा कि हमारी सरकार खेलों में राज्य का गौरव बहाल करने के उद्देश्य से 'खेडां वतन पंजाब दियां' आयोजित कर रही है।

उन्होंने कहा, ÷इस पहल के माध्यम से पंजाब के युवा खेलों के प्रति प्रेरित होंगे, जिससे खेलों में उनकी भागीदारी और बढ़ेगी।÷ उन्होंने आगे कहा कि यह पहल हर गांव, कस्बे और शहर में छिपी खेल प्रतिभाओं की पहचान, प्रोत्साहन और निखार के लिए एक उत्कृष्ट मंच के रूप में कार्य करती है। इससे



- 'खेडां वतन पंजाब दियां' राज्य की खेल विरासत को बहाल करने और युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करने की पहल

खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने और उत्कृष्टता हासिल करने का सुनहरा अवसर मिलता है। स्पीकर संधवां ने जोर देकर कहा कि खेल व्यक्ति को शारीरिक रूप से सक्रिय और मानसिक रूप से सजग रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा, ÷खेल न केवल शारीरिक और मानसिक विकास के लिए आवश्यक हैं, बल्कि लंबे और स्वस्थ जीवन में भी इनका अमूल्य योगदान है। यह जरूरी है कि हम खेलों को अपनी दिनचर्या में शामिल करें।÷ खेलों के माध्यम से मिलने वाले जीवन के सबक का उल्लेख करते हुए स्पीकर ने कहा कि खेल हमें संघर्ष करते रहने, लचीलापन बनाए रखने और प्रगति के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा, ÷खेल हमें सिखाते हैं कि जीवन की चुनौतियों को कैसे पार करना है। वे दर्शाते हैं कि सफलता केवल निरंतर कड़ी मेहनत और अथक प्रयासों से प्राप्त की जाती है।

यही समर्पण अंततः हमारे युवाओं को विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने और देश के लिए पदक जीतने योग्य बनाता है।÷ खेल उत्कृष्टता के प्रति राज्य की प्रतिबद्धता दोहराते हुए स. संधवां ने कहा कि पंजाब सरकार खेलों के विकास और खिलाड़ियों के कल्याण के लिए अथक प्रयास कर रही है। इन निरंतर प्रयासों के परिणामस्वरूप सकारात्मक बदलाव दिखाई दे रहा है और पंजाब के युवा खेलों में नई तथा गहरी रुचि दिखा रहे हैं। स्पीकर ने कहा, ÷यदि हम अपने राज्य को जीवंत और 'रंगला पंजाब' बनाना चाहते हैं, तो हमारे युवाओं को खेलों को अपनाने की आवश्यकता है। तभी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करके देश के लिए गौरव अर्जित करना संभव होगा। उन्होंने आगे जोर दिया कि खेल सामाजिक बुराइयों के विरुद्ध एक शक्तिशाली ढाल के रूप में कार्य करते हैं और युवाओं को नशों से पूरी तरह दूर रहने की प्रेरणा देते हैं। सक्रिय जीवनशैली अपनाकर युवा पीढ़ी स्वयं को नशे के दुरुपयोग से दूर रख सकती है और स्वस्थ, शांतिपूर्ण तथा उद्देश्यपूर्ण जीवन जी सकती है।

कार बेचने के नाम पर व्यक्ति से ठगी किए जाने का मामला

- पुलिस ने पीड़ित के बयान पर दो लोगों के खिलाफ दर्ज किया धोखाधड़ी का मामला

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना सिटी फिरोजपुर की पुलिस ने कार बेचने के नाम पर एक व्यक्ति के साथ धोखाधड़ी करने वाले दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी की विभिन्न धाराओं तहत शिकायतकर्ता के बयान पर मामला दर्ज किया है। मालूम हो कि इस बाबत पीड़ित ने पुलिस के स्पैशल विंग में शिकायत की थी, जिस पर जांच करने के बाद पुलिस ने उक्त कार्रवाई की है। जानकारी देते हुए थाना सिटी फिरोजपुर के एसआई जगरुप सिंह ने ताया कि पुलिस को दिए बयान में शिकायतकर्ता मनजिन्द्र सिंह पुत्र गुरदियाल सिंह वासी गांव चंगाली जदीद ने बताया कि उसने एक कार दिलप्रीत सिंह पुत्र सुच्चा सिंह वासी गट्टी मतड़ को बेच दी थे और दिलप्रीत सिंह ने उसको मौके पर 70 हजार रुपए विश्वास दिलाने की खातिर दे दिए और कार समेत आरसी ले गया। पीड़ित ने बताया कि दोषी ने बकाया 1 लाख 60 हजार की राशि 26 जनवरी 2026 को देना तय की थी, लेकिन दिलप्री सिंह ने ना तो कार वापिस की और ना ही बकाया राशि उसे दी है। पीड़ित ने बताया कि दिलप्रीत सिंह ने असल कार मालिक इंद्रजीत सिंह के साथ मिलकर बाकी राशि उसे देने की बजाए इंद्रजीत सिंह आर.सी सिधा अपने नाम करवा ली और इस तरह से दोषियों ने उसके साथ धोखाधड़ी की है। मामले की जांच कर रहे जगरुप सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलें में दिलप्रीत सिंह व इंद्रजीत सिंह पर मामला दर्ज कर अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

page 5_Layout 1 07-09-2026 18:17 Page 1

गुरदासपुर पुलिस ने ड्रोन के जरिए मंगाई 2 किलो 760 ग्राम हेरोइन समेत आरोपी गिरफ्तार

डेली आवाज भारती



गुरदासपुर, (अमनदीप संधू): पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान द्वारा शुरू की गई ÷युद्ध नशे के विरुद्ध÷ मुहिम के तहत और पुलिस महानिदेशक, पंजाब के दिशा-निर्देशों के अनुसार गुरदासपुर पुलिस ने सीमा क्षेत्र में सक्रिय नशा तस्करी नेटवर्क के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 2 किलो 760 ग्राम हेरोइन और एक मोटरसाइकिल बरामद की है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि हेरोइन की यह खेप ड्रोन के जरिए मंगवाई गई थी। सीनियर पुलिस कप्तान गुरदासपुर श्री आदित्य ने प्रेस को जानकारी देते हुए बताया कि सीमा क्षेत्र में ड्रोन गतिविधि देखे जाने की सूचना मिली थी। इस खुफिया जानकारी पर तुरंत कार्रवाई करते हुए स्पेशल ब्रांच गुरदासपुर और थाना बहिरामपुर की पुलिस टीम ने रावी नदी के किनारे नाकाबंदी कर लगातार चेकिंग शुरू की। चेकिंग के दौरान मोटरसाइकिल पर सवार एक संदिग्ध युवक को पुलिस पार्टी ने काबू किया। डीएसपी दीनानगर की मौजूदगी में की गई तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से हेरोइन के 5 पैकेट बरामद हुए, जिनका कुल वजन 2 किलो 760 ग्राम था।

इस संबंध में थाना बहिरामपुर में मुकदमा नंबर 131, दिनांक 06.09.2026, धारा 21(ब)/61/85 ह्यष्ठक्क ष्ट्ठ के तहत मामला दर्ज किया गया है। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी ने हेरोइन की यह खेप ड्रोन के जरिए मंगवाई थी। पुलिस द्वारा आरोपी का पुलिस रिमांड हासिल कर गहन पूछताछ की जाएगी, ताकि नशा तस्करी के बड़े नेटवर्क के उसके बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंक का पता लगाया जा सके। नेटवर्क से जुड़े अन्य सदस्यों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार करने तथा पूरी सप्लाई चेन को तोड़ने के लिए पुलिस द्वारा प्रयास किए जाएंगे। सीनियर पुलिस कप्तान गुरदासपुर ने बताया कि यह बरामदगी नशा तस्करों के लिए बड़ा झटका है। पिछले एक सप्ताह के दौरान गुरदासपुर पुलिस ने नशा तस्करी नेटवर्क के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई करते हुए कमर्शियल मात्रा की हेरोइन से संबंधित 6 मामले दर्ज किए, 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया और करीब 7.2 किलो हेरोइन बरामद की है। इसके अलावा इन कार्रवाइयों के दौरान एक पिस्तौल और एक रिवॉल्वर भी बरामद किए गए हैं। उन्होंने कहा कि गुरदासपुर पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है और नशा तस्करों, उनके सहयोगियों तथा अवैध नशा कारोबार से जुड़े पूरे नेटवर्क पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का उद्देश्य केवल गिरफ्तारियां करना और नशीले पदार्थ बरामद करना ही नहीं, बल्कि नशे की पूरी सप्लाई चेन को तोड़ना, नशा तस्करी को सहयोग देने वाले वित्तीय और लॉजिस्टिक नेटवर्क की पहचान करना तथा सीमा क्षेत्र में सक्रिय नशा सिंडिकेट को खत्म करना है।

गिरफ्तार आरोपी:

बलविंदर सिंह उर्फ टीटा, पुत्र जसबीर सिंह, निवासी राजपुर चेबे, हाल निवासी नई आबादी चंडीगढ़, उम्र 34 वर्ष, पेशा खेतीबाड़ी।

बरामदगी:

- हेरोइन- 2 किलो 760 ग्राम
- मोटरसाइकिल नंबर- पीबी 06 बीसी 0950

गुरदासपुर पुलिस ने कहा कि सीमा पार से होने वाली नशे की तस्करी को रोकने और नशा तस्करों व उनके सहयोगियों को कानून के कटघरे में लाने के लिए कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

ग्रामीण पुलिस की बड़ी कार्रवाई, क्रॉस-बॉर्डर नशा और हथियार तस्करी मॉड्यूल का भंडाफोड़

दो आरोपी गिरफ्तार, 15 अवैध पिस्तौल और 5 किलो हेरोइन बरामद

- विदेशी हैंडलर्स के संपर्क में थे आरोपी, हथियार और ड्रग्स की खेप पहुंचाने का आरोप

डेली आवाज भारती



अमृतसर (सलोनी नेहा गिल,राहुल गोयल: अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने क्रॉस-बॉर्डर नशा और हथियार तस्करी नेटवर्क का किया भंडाफोड़ अमृतसर- अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने नशे और अवैध हथियारों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक क्रॉस-बॉर्डर नारकोटिक्स और अवैध हथियार तस्करी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने इस कार्रवाई के दौरान दो आरोपियों को गिरफ्तार कर 15 अवैध पिस्तौल और 5 किलोग्राम हेरोइन बरामद करने का दावा किया है। इस कार्रवाई के बाद पुलिस ने पूरे नेटवर्क की कड़िया खंगालनी शुरू कर दी हैं। पंजाब पुलिस की ओर से जारी जानकारी के मुताबिक, प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि गिरफ्तार किए गए आरोपी कथित तौर पर विदेश में बैठे हैंडलर्स के संपर्क में थे। आरोप है कि विदेशी हैंडलर्स के निर्देश पर आरोपियों को अवैध हथियारों और नशीले पदार्थों की खेप मिलती थी और इसके बाद उन्हें आगे बताए गए लोगों तक पहुंचाया जाता था। पुलिस के अनुसार, बरामद किए गए 15 अवैध पिस्तौल और 5 किलो हेरोइन इस नेटवर्क की गतिविधियों को लेकर महत्वपूर्ण सुराग दे सकते हैं। जांच एजेंसियां अब यह पता लगाने में जुटी हैं कि हथियार और हेरोइन की खेप कहां से लाई गई थी और इसे आगे किन लोगों तक पहुंचाया जाना था। इस मामले में थाना घरिंडा में ह्यष्ठक्क एक्ट और आर्म्स एक्ट के तहत स्नढ्ढक्र दर्ज की गई है। पुलिस ने आरोपियों से पूछताछ शुरू कर दी है और उनके संपर्क में रहने वाले अन्य लोगों की भी पहचान की जा रही है। पुलिस का मुख्य फोकस इस मॉड्यूल की फॉरवर्ड और बैकवर्ड लिंकिंग स्थापित करने पर है। यानी जांच के दौरान यह पता लगाया जा रहा है कि इस नेटवर्क के पीछे कौन लोग हैं, आरोपियों को हथियार और नशे की खेप कौन उपलब्ध करवाता था तथा आगे इसकी सप्लाई किन लोगों तक की जाती थी। अधिकारियों के मुताबिक, जांच के दौरान नेटवर्क से जुड़े अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी भी संभव है। पुलिस विदेशी हैंडलर्स और उनके स्थानीय संपर्कों के बीच संबंधों की भी जांच कर रही है। अमृतसर ग्रामीण पुलिस की इस कार्रवाई को नशा और अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में महत्वपूर्ण सफलता माना जा रहा है। पंजाब पुलिस ने दोहराया है कि राज्य में नशा तस्करी और अवैध हथियारों के नेटवर्क को खत्म करने के लिए कार्रवाई लगातार जारी रहेगी और ऐसे नेटवर्क से जुड़े सभी लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

विवाह पर्व समारोह को मुख्य रखते हुए शहर में विभिन्न कार्य जारी : चेयरमैन मानिक महिता

डेली आवाज भारती



बटाला, (अमनदीप संधू): नेहरू गेट में बाबा जी के विवाह पर्व समारोह को ध्यान में रखते हुए संगत की आवाजाही की सुविधा के लिए नेहरू गेट के रास्ते में आ रहे ट्रांसफार्मर को दूसरी जगह शिफ्ट करवाया गया। इस अवसर पर चेयरमैन मानिक महिता ने कहा कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य समारोह के दौरान आने वाली संगत के लिए रास्ते को खुला और सुचारू बनाना है, ताकि संगत को आने-जाने में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि विवाह पर्व समारोह के संबंध में विधायक शेरी कलसी के दिशा-निर्देशों के तहत बटाला शहर में विभिन्न विकास कार्य जारी हैं और संगत की सुविधा के लिए सुचारू प्रबंध किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि शहर में सीवरेज की सफाई, गलियों का निर्माण एवं सफाई सहित विभिन्न कार्य करवाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि शहर के सभी वार्डों में विभिन्न विकास कार्य पारदर्शी तरीके से चल रहे हैं। पिछले साढ़े चार वर्षों के दौरान हर वर्ग की भलाई के लिए विकास कार्य किए गए हैं और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाया गया है।

CASO ऑपरेशन के तहत सुबह-सुबह ज़ोन-2 के सब-डिवीजन वेस्ट के हॉटस्पॉट इलाकों में बड़ी पुलिस कार्रवाई

डेली आवाज भारती





अमृतसर, (सलोनी नेहा गिल) श्री हरबमनबीर सिंह ढ्ढक्र, कमिश्नर ऑफ़ पुलिस, अमृतसर, कमिश्नरेट पुलिस, अमृतसर के निर्देशों पर, ड्रग तस्करों और आपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाने और शहर में कानून-व्यवस्था की स्थिति को मज़बूत करने के लिए, ज़ोन-2, सब-डिवीजन वेस्ट के अलग-अलग हॉटस्पॉट प्रभावित इलाकों में ह्यस्ह्र (कॉर्डन एंड सर्च ऑपरेशन) के तहत एक खास सर्च ऑपरेशन चलाया गया। यह सर्च ऑपरेशन भारी पुलिस फोर्स और कमांडो ने किया, जिसमें अमृतसर के ष्ठष्टक्क सिटी-2, श्री सिरिवानेला, ष्टक्क वेस्ट और कैंटोनमेंट और छेहरटा पुलिस स्टेशन के चीफ ऑफिसर शामिल थे। यह ऑपरेशन श्री जसकरनजीत सिंह तेजा की लीडरशिप में किया गया। ष्ठष्टक्कसिटी ने बताया कि आज सुबह-सुबह पुलिस की अलग-अलग टीमों ने घनुपर काले और कपाटगढ़ के इलाकों को सील और ब्लॉक कर दिया और आने-जाने वाली गाड़ियों और संदिग्ध लोगों की अच्छी तरह से चेकिंग की। इस सर्च ऑपरेशन के दौरान, सुबह-सुबह आदतन अपराधियों और संदिग्धों के घरों पर रेड की गई और उनकी एक्टिविटीज़ के बारे में पूछताछ की गई। सर्च ऑपरेशन के दौरान, पुलिस ने इलाके में घर-घर जाकर वेरिफिकेशन, गाड़ियों की चेकिंग और संदिग्ध लोगों से पूछताछ की। अलग-अलग चेकपॉइंट पर पुलिस फोर्स तैनात की गई थी और इलाके में कड़ी निगरानी रखी गई थी। इस ऑपरेशन का मुख्य मकसद अपराधियों में पुलिस का डर और आम लोगों में सुरक्षा की भावना पैदा करना, ड्रग ट्रैफिकिंग और दूसरी आपराधिक गतिविधियों को कंट्रोल करना और होने वाले अपराधों को रोकना है। कमिश्नरेट पुलिस अमृतसर ने साफ़ किया कि क्रिमिनल एक्टिविटी में शामिल लोगों के खिलाफ़ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और शहर में हर कीमत पर लॉ एंड ऑर्डर बनाए रखा जाएगा।

पंजाब-चंडीगढ़ में कमजोर पड़ा मानसून, आज 14 जिलों में छिटपुट बौछारों के बाद बढ़ेगी उमस

- आने वाले दिनों में बारिश का कोई बड़ा स्पेल देखने को नहीं मिलेगा
- चंडीगढ़ में तो दिनभर आसमान में बादलों की आवाजाही बनी रहेगी

डेली आवाज भारती



पिछले कुछ दिनों से पंजाब और चंडीगढ़ के अलग-अलग हिस्सों में हो रही रिमझिम बारिश का दौर अब सुस्त पड़ने लगा है। मौसम विज्ञान केंद्र (ढ्ढस्ह्र) ने संकेत दिए हैं कि आज राज्य के 14 जिलों में हल्की से मध्यम बौछारें गिर सकती हैं। हालांकि, इसके बाद आने वाले दिनों में बारिश का कोई बड़ा स्पेल देखने को नहीं मिलेगा, जिससे हवा में नमी और धूप के मेल से अचानक गर्मी और उमस बढ़ सकती है। चंडीगढ़ की बात करें तो दिनभर आसमान में बादलों की आवाजाही बनी रहेगी। तापमान के आंकड़ों पर नजर डालें तो पिछले 24 घंटों में राज्य के औसतन अधिकतम तापमान में 0.1 डिग्री सेल्सियस की मामूली गिरावट दर्ज की गई है। ऊपरी स्तर पर एक और सिस्टम बन रहा है, जिससे हल्की बूंदाबांदी का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग के अनुसार पठानकोट, गुरदासपुर, होशियारपुर और रूपनगर के कुछ इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश के आसार बने हुए हैं। इनके अलावा अमृतसर, नवांशहर, कपूरथला, जालंधर, लुधियाना, फतेहगढ़ साहिब, पटियाला, मोहाली, संगरूर और मानसा के छिटपुट स्थानों पर भी बूंदाबांदी हो सकती है। चंडीगढ़ में भारी बारिश की संभावना तो कम है, लेकिन धूप से लोगों को पसीने वाली गर्मी का सामना करना पड़ सकता है। फिलहाल पारा सामान्य के आसपास बना हुआ है। बीते दिन बठिंडा 35.6 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ राज्य का सबसे गर्म शहर रहा, जबकि चंडीगढ़ में पारा 34.4 डिग्री दर्ज किया गया। रविवार को रूपनगर में 4.5 मिमी, पठानकोट में 7.5 मिमी, होशियारपुर में 3 मिमी और लुधियाना, फिरोजपुर व बठिंडा में मामूली बारिश दर्ज की गई। अमृतसर में भी बादल बरसे, लेकिन उसका सटीक डेटा दर्ज नहीं हो सका। इस मानसून सीजन में पंजाब में बादलों की बेरुखी साफ नजर आ रही है। राज्य में अब तक महज 256.2 मिमी बारिश हुई है, जबकि इस अवधि का सामान्य आंकड़ा 385.8 मिमी होना चाहिए था। यानी पंजाब में इस बार 34 फीसदी कम बारिश रिकॉर्ड की गई है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि मानसून टर्फ फिलहाल पंजाब के करीब से गुजर रही है और कश्मीर के ऊपर पश्चिमी विक्षोभ भी सक्रिय है।

पैंशनर एसो.पॉवर काम के पदाधिकारियों की मासिक बैठक आयोजित

डेली आवाज भारती



पैंशनर एसो.पॉवर काम के पदाधिकारी बैठक में जानकारी देते हुए।

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): पैंशनर एसोसिएसन पॉवर काम फिरोजपुर की मासिक बैठक साथी चनन सिंह की अध्यक्षता में हुई। जिसमें भारी संख्या में पैंशनर साथियों ने हिस्सा लिया और सरकार की कर्मचारी व पैंशनर विरोधी नीतियों पर विचार-चर्चा की। इस मौके पर पैंशनर नेताओ ने कहा कि सरकार कर्मचारियों व पैंशनरों की मांगों को पूरा करने में लगातार टाल-मटोल कर रही है। जिसके चलते फैसला किया गया है कि 12 सितंबर को कुलतार संधवा के निवास स्थान के बाहर प्रदर्शन किया जाऐगा और 10 अक्तूबर को संगरुर में गुप्त एक्शन या विशाल रैली की जाऐगी, जिसमें भारी संख्या में कर्मचारी व पैंशनर हिस्सा लेंगे। इसके साथ ही पैंशनर नेताओं ने कहा कि वह 8 सितंबर को डी.सी दफ्तरों की होने वाली पंजाब स्तरीय हड़ताल में बढ़-चढे र हिस्सा लेंगे। इस मौके पर साथी राकेश शर्मा ने कहा कि यदि सरकार ने जल्द ही कर्मचारियों व पैंशनरों की मांगों को पूरा नहीं किया तो संघर्ष ओर तेज किया जाएगा। जिसकी सारी जिम्मेवारी सरकार की होगी। इस मौके पर अन्य के अलावा जसवंत सिंह, बिशन सिंह, हाकम सिंह, गुरबख्श सिंह, दलीप सिंह संधू, शाम सिंह आदि मौजूद थे।

अमृतसर में एयरपोर्ट के पास दिखा संदिग्ध ड्रोन, हाई अलर्ट पर रहीं एजेंसियां

ड्रोन दिखने के बाद 7 फ्लाइटों की लैंडिंग की अनुमति नहीं दी गई

- घटना के बाद पुलिस ने जांच शुरू की तो पूरी सच्चाई आई सामने
- हालांकि एयरपोर्ट के 8 किमी के दायरे में ड्रोन उड़ाने पर प्रतिबंध है
- रात 10 बजे ड्रोन अमृतसर एयरपोर्ट के रनवे के पास आ गया

डेली आवाज भारती



अमृतसर/सलोनी नेहा गिल : अमृतसर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर ड्रोन दिखने के बाद 7 फ्लाइटों की लैंडिंग की अनुमति नहीं दी गई। जिसके बाद कई फ्लाइट्स के रूट्स भी बदल दिए। घटना के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की तो इसकी पूरी सच्चाई सामने आई। जानकारी के मुताबिक एक टूर्नामेंट के दौरान ड्रोन उड़ाया गया था। हालांकि एयरपोर्ट के 8 किलोमीटर के दायरे में ड्रोन उड़ाने पर बैन है। बावजूद इसके ड्रोन एयरपोर्ट के रनवे के पास आ गया था। जानकारी के मुताबिक रविवार रात करीब 10 बजे अमृतसर एयरपोर्ट पर संदिग्ध ड्रोन दिखाई दिए। कुछ देर तक रनवे और आसपास के संवेदनशील इलाके में उड़ता रहा। रनवे के आसपास संदिग्ध गतिविधि नजर आते ही एयर ट्रैफिक कंट्रोल ने तुरंत अलर्ट जारी किया। अलर्ट मिलते ही ष्ठट्ठस्ह्र, पंजाब पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियां एक्टिव हो गईं। वहीं, यात्रियों और विमानों की सुरक्षा को देखते हुए, ञ्जष्ट ने तत्काल कई उड़ानों के रूट बदल दिए। एहतियात के तौर पर अमृतसर आने वाली 7 उड़ानों की लैंडिंग रोक दी गई थी। जिसके बाद जांच की गई तो पता चला कि टूर्नामेंट के दौरान ड्रोन उड़ाया गया था। इसके बावजूद ड्रोन रनवे के करीब आने को लेकर सवाल खे` हो रहे हैं।

पंजाब गौ सेवा आयोग के उपाध्यक्ष कीमती भगत गुरदासपुर पहुंचे

अधिकारियों और गौशाला प्रबंधक समितियों के पदाधिकारियों से की बैठक

- पंजाब की 518 गौशालाओं के बिजली बिल माफ : उपाध्यक्ष कीमती भगत

डेली आवाज भारती



गुरदासपुर, (अमनदीप संधू): पंजाब गौ सेवा आयोग के उपाध्यक्ष कीमती भगत गुरदासपुर पहुंचे और बेसहारा गौधन की सेवा-संभाल को लेकर संबंधित विभागों तथा विभिन्न गौशालाओं की प्रबंधक समितियों के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर विचार-विमर्श किया।

इस अवसर पर हलका इंचार्ज गुरदासपुर रमन बहल, अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर (विकास) गुरप्रीत सिंह गिल, आरटीए गुरदासपुर रोबिनजीत कौर, डिप्टी डायरेक्टर पशुपालन विभाग जसप्रीत सिंह नागपाल, डॉ. रमेश अत्री, हरविंदर सोनी, समूह ईओज, बीडीपीओज सहित विभिन्न गौशालाओं की प्रबंधक समितियों के पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक के दौरान उपाध्यक्ष कीमती भगत ने कहा कि पंजाब गौ सेवा आयोग गौधन की सेवा-संभाल और गौशालाओं को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। आयोग द्वारा राज्य की 518 गौशालाओं के बिजली बिल माफ करवाए गए हैं, जिनमें गुरदासपुर जिले की एक गौशाला भी शामिल है। उन्होंने विभिन्न गौशालाओं की प्रबंधक समितियों के पदाधिकारियों से अपील की कि वे सरकार की विभिन्न योजनाओं और सुविधाओं का लाभ लेने के लिए अपनी गौशालाओं को पंजाब गौ सेवा आयोग के साथ पंजीकृत करवाएं। उन्होंने कहा कि पंजीकरण करवाने से गौशालाओं को सरकार द्वारा दी जाने वाली विभिन्न सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि पंजाब सरकार द्वारा राज्य की गौशालाओं के 100 करोड़ रुपये से अधिक के बिजली बिल माफ किए जा चुके हैं। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि घायल गौधन के इलाज के लिए भी आयोग की सिफारिश पर सरकार द्वारा काऊ लिफ्टर उपलब्ध करवाए गए हैं। राज्य की गौशालाओं को करीब 3 करोड़ 6 लाख रुपये की लागत से 500 काऊ लिफ्टर मिले हैं, जिनमें से 9 काऊ लिफ्टर गुरदासपुर जिले को दिए गए हैं। उपाध्यक्ष ने बताया कि पंजाब सरकार द्वारा गौशालाओं में रखी प्रत्येक गाय के लिए प्रतिदिन 61 रुपये देने संबंधी नोटिफिकेशन जारी किया गया है। जल्द ही इस संबंध में बैठक कर गौशालाओं को राशि उपलब्ध करवाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह सुविधा भी केवल पंजाब गौ सेवा आयोग के साथ पंजीकृत गौशालाओं को ही मिलेगी। एक सवाल के जवाब में कीमती भगत ने कहा कि राज्य में इस समय करीब 80 हजार बेसहारा गौधन सड़कों पर घूम रहा है। इससे जहां किसानों की फसलों को नुकसान पहुंच रहा है, वहीं सड़क हादसों और यातायात संबंधी समस्याओं का खतरा भी बना रहता है। उन्होंने कहा कि बेसहारा गौधन की समस्या के स्थायी समाधान और गौशालाओं की क्षमता बढ़ाने के लिए वह लगातार विभिन्न जिलों का दौरा कर रहे हैं तथा डिप्टी कमिश्नरों और संबंधित अधिकारियों के साथ बैठकें कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि पिछले चार महीनों के दौरान इस संबंध में राज्य के विभिन्न जिलों में 62 बैठकें की जा चुकी हैं। पत्रकारों के सवाल के जवाब में कलानौर गौशाला में पिछले दिनों हुई गौधन की मौतों पर दुख जताते हुए उन्होंने कहा कि जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर (विकास) गुरदासपुर की अगुवाई में तीन सदस्यीय कमेटी गठित करने के निर्देश दिए हैं, जिसमें एसपी (एच) और एसडीएम भी शामिल होंगे। कमेटी को अगले 15 दिनों में अपनी रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए गए हैं।

प्रकाशक एवं मुख्य संपादक - रीतू रानी। संस्थापक (फाउंडर) एवं स्थानीय संपादक (पंजाब) - हेमन्त मित्तल। चेयरमैन- श्रवण कुमार खरींटा । मैनेजिंग डायरेक्टर - धीरज महाजन , क्राइम आवाज इंडिया के लिए उन्हीं के द्वारा डेली आवाज भारती, बी-4/935, बैक साइड शिव मठ, राधा स्वामी स्ट्रीट बरनाला से प्रकाशित। सेनरा प्रिंटिंग प्रेस, भुटाना मोर, नजदीक ओल्ड पुलिस चौंकी, जी. टी रोड, नीलोखेरी, करनाल, हरियाणा - 132117 से मुद्रित। दूरभाष- प्रेस कार्यालय - 01762-505507 E-mail: dailyawazbharti@gmail.com, रजि. नं पीबीएचआईएन/26/ए2687 इस अंक में प्रकाशित समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा उनसे उत्पन्न समस्त विवाद बरनाला न्यायालय के अधीन होंगे।

CMYK

page 6_Layout 1 07-09-2026 18:07 Page 1

विमेंस एशिया कप: शेफाली को इशारा करना पाकिस्तानी कप्तान को पड़ा भारी

आईसीसी ने लगाया जुर्माना, डिमेरिट अंक भी जुड़ा

दुबई। भारत के खिलाफ %विमेंस एशिया कप 2026% का मैच गंवाने के बाद पाकिस्तानी कप्तान फातिमा सना को एक और झटका लगा है। कप्तान को %आईसीसी आचार संहिता% के लेवल 1 के उल्लंघन का दोषी पाया गया है, जिसके चलते उन पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। इसके साथ ही उनके खाते में एक डिमेरिट अंक भी जोड़ा गया है। यह घटना भारत की बल्लेबाजी के दौरान दूसरे ओवर की आखिरी गेंद पर तब घटित हुई, जब फातिमा ने ओपनर शेफाली वर्मा को %कॉट-एंड-बोल्ड% आउट करने के बाद पवेलियन की ओर इशारा किया था। पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तानी टीम 18.1 ओवरों में 55 रन पर ढेर हो गई। इसके जवाब में भारत ने मैच 8.4 ओवरों में 7 विकेट शेष रहते अपने नाम किया। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने सोमवार को एक बयान में कहा कि फातिमा सना को



खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहायता कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के आर्टिकल 2.5 का उल्लंघन करने का दोषी पाया गया। यह नियम %ऐसी भाषा, हरकत या इशारों के इस्तेमाल से संबंधित है जो अपमानजनक हों, या जिनसे किसी इंटरनेशनल मैच के दौरान बल्लेबाज के आउट होने पर आक्रामक प्रतिक्रिया भड़क सकती हो।% यह 24 महीनों के भीतर फातिमा का दूसरा अपराध है, जिसके साथ फातिमा सना के कुल डिमेरिट प्वाइंट्स की संख्या 2 हो गई है। इससे पहले, उन्हें 6 अगस्त 2025 को डबलिन में आयरलैंड के खिलाफ

टी20 मैच के दौरान डिमेरिट प्वाइंट दिया गया था।

पाकिस्तानी कप्तान पर ये आरोप ऑन-फील्ड अंपायर निमाली परेरा और शथिरा जाकिर जेसी के साथ-साथ थर्ड अंपायर रुकैया सुल्ताना और फोर्थ अंपायर रबाब अहसान ने लगाए थे। %लेवल 1% के उल्लंघन के लिए न्यूनतम सजा आधिकारिक फटकार है, और अधिकतम सजा खिलाड़ी की मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना और एक या दो डिमेरिट प्वाइंट्स हो सकती है। आईसीसी ने बताया, ÷फातिमा ने अपराध स्वीकारते हुए एमिरेट्स आईसीसी इंटरनेशनल पैनल ऑफ मैच रेफरी की सुप्रिया रानी दास की ओर से प्रस्तावित सजा को स्वीकार कर लिया, इसलिए औपचारिक सुनवाई की कोई जरूरत नहीं थी।÷ भारत और श्रीलंका की टीमें विमेंस एशिया कप 2026 के सेमीफाइनल में अपना-अपना स्थान पक्का कर चुकी हैं। अगर सोमवार को फातिमा की कप्तानी वाली पाकिस्तानी टीम हांगकांग, चीन के खिलाफ जीत दर्ज करती है, तो उसे भी सेमीफाइनल का टिकट मिल जाएगा। वहीं, 'ग्रुप-बी' में बांग्लादेश और यूएई के बीच 8 सितंबर को खेला जाने वाला मैच अंतिम सेमीफाइनलिस्ट तय करेगा।

दलीप ट्रॉफी फाइनल: 'तिहरा शतक' चूके कप्तान ईशान, ईस्ट जोन ने पहली पारी में बनाए 708 रन

इस पारी में ईस्ट जोन ने कुल 163 ओवरों का सामना

चेन्नई। साउथ जोन के खिलाफ एमए चिदंबरम स्टेडियम में जारी दलीप ट्रॉफी 2026 के फाइनल मैच में कप्तान ईशान किशन ने 270 रनों की पारी खेली, जिसके दम पर ईस्ट जोन का पलड़ा काफी भारी नजर आ रहा है। दूसरे दिन की समाप्ति तक टीम 708 के स्कोर पर सिमट गई। इस पारी में ईस्ट जोन ने कुल 163 ओवरों का सामना किया। रविवार को टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी ईस्ट जोन को सलामी जोड़ी ने शानदार शुरुआत दिलाई। वैभव सूर्यवंशी ने अभिमन्यु ईश्वरन के साथ पहले विकेट के लिए 88 गेंदों में 100 रन की साझेदारी की। वैभव 37 गेंदों में 1 छक्के और 5 चौकों के साथ 44 रन बनाकर बनाकर आउट हुए, जिसके बाद ईश्वरन ने शिखर मोहन के साथ दूसरे विकेट के लिए 33 रन जुटाए। ईश्वरन 86 गेंदों में 11 बाउंड्री के साथ 72 रन बनाकर आउट हुए। कुछ देर बाद टीम ने 147 के स्कोर पर सुदीप कुमार (6) के रूप में तीसरा विकेट भी गंवा दिया।

यहां से कप्तान ईशान किशन ने मोर्चा संभाला। उन्होंने शिखर मोहन के साथ चौथे विकेट के लिए 94 रन की साझेदारी की। शिखर 3 छक्कों और 9 चौकों के साथ 85 रन बनाकर आउट हुए, जिसके बाद ईशान ने कुमार कुशाग्र के साथ पांचवें विकेट के लिए 230 रन की साझेदारी की।

कुमार कुशाग्र 132 गेंदों में 5 छक्कों और 8



चौकों के साथ 101 रन बनाकर आउट हुए। टीम ने 471 के स्कोर पर अपना पांचवां विकेट गंवाया, जिसके बाद ईशान ने अनुकूल रॉय के साथ 140 रन जुटाकर टीम को 600 के पार पहुंचा दिया।

ईशान 250 रन की पारी खेलकर रिटायर्ड हर्ट होकर ड्रेसिंग रूम लौटे। उन्होंने 301 गेंदों में 27 चौके और 7 छक्के लगाए थे। इसके बाद मोहम्मद शमी (28) ने कुनैन कुरैशी (40) के साथ 54 रन की साझेदारी करते हुए टीम को 650 के पार पहुंचाया। टीम को 680 के स्कोर पर सातवां झटका लगा, जिसके बाद कप्तान ईशान एक बार फिर से बल्लेबाजी के लिए उतरे।

टीम ने कप्तान के रूप में अपना नौवां विकेट गंवाया, जिन्होंने 334 गेंदों में 7 छक्कों और 30 चौकों के साथ 270 रन की पारी खेली। त्रिपुरण विजय ने पारी के 163वें ओवर में ईशान किशन के साथ मुकेश कुमार (0) का विकेट भी चटकाया।

साउथ जोन के लिए त्रिपुरण विजय ने कुल 42 ओवर गेंदबाजी की, जिसमें 180 रन देकर 4 विकेट निकाले। इनके अलावा, चामा मिलिंद और श्रेयस गोपाल ने 2-2 विकेट हासिल किए। शेख रशीद को 1 सफलता हाथ लगी।

'अगले दो मैच हमारे लिए बहुत अहम, लय बनाए रखना होगा जरूरी', सेमीफाइनल मैच से पहले बोलीं कप्तान हरमनप्रीत

नई दिल्ली। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने विमेंस एशिया कप 2026 के नॉकआउट स्टेज में अपनी टीम से मोमेंटम (लय) बनाए रखने की अपील की है। हरमनप्रीत ने कहा कि अगले दो मैच बेहद अहम होंगे और खिलाड़ियों को उन योजनाओं पर डटे रहना होगा, जिसे लीग स्टेज में टीम को मदद मिली है। हरमनप्रीत ने सोमवार को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा शेयर किए गए एक वीडियो में कहा, ÷अगले दो मैच हमारे लिए बहुत अहम हैं। एक बार में एक मैच पर ध्यान देना है। अगला मैच बहुत जरूरी है। उम्मीद है कि हम इस टूर्नामेंट में जैसा अच्छा प्रदर्शन करते आ रहे हैं, उसे जारी रखेंगे। मुझे लगता है कि अब मोमेंटम बहुत महत्वपूर्ण है। खुद पर भरोसा



करना, अपनी योजनाओं पर विश्वास करना और उसी तरह खेलना जैसे हम लीग स्टेज के दौरान बैटिंग और बॉलिंग करते रहे हैं।÷ भारत के अभियान में सभी विभागों का योगदान रहा है। हरमनप्रीत ने उन प्रदर्शनों का जिक्र किया है जिनसे टीम को निर्णायक दौर में जाने से पहले आत्मविश्वास मिला है। उन्होंने खासतौर पर पहले मैच में शेफाली वर्मा के आक्रामक खेल और दूसरे मैच में स्मृति मंधाना की सेंचुरी का जिक्र किया, और टीम के गेंदबाजी अटैक की भी प्रशंसा की। उन्होंने आगे कहा, पहले मैच में शेफाली की बैटिंग, जिस तरह से वह बॉल को हिट कर रही थीं, और दूसरे मैच में स्मृति की सेंचुरी, उनकी बैटिंग देखना शानदार था। हमारे गेंदबाजों ने भी चुनौती स्वीकार की है। उन्हें बस अपनी योजनाओं और खुद पर भरोसा रखने की जरूरत है और जब भी टीम को आवश्यकता हो, उसे लागू करना है। सभी का प्रदर्शन कुल मिलाकर अच्छा रहा। अब सेमीफाइनल और फाइनल हैं। मुझे लगता है कि हमें बस बार-बार कड़ी मेहनत करते रहने की जरूरत है। कप्तान का लगातार अच्छा प्रदर्शन करने पर जोर ऐसे समय में आया है जब भारत नॉकआउट राउंड के दबाव का सामना कर रहा है। बहुत आगे की सोचने के बजाय हरमनप्रीत ने हर मैच को अलग-अलग तरह से लेने और लीग स्टेज के दौरान बने आत्मविश्वास को बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया। हरमनप्रीत कौर ने पाकिस्तान के खिलाफ खेले गए मैच में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। वह 150 टी20 इंटरनेशनल मैचों में कप्तानी करने वाली पहली क्रिकेटर (पुरुष और महिला) बनीं। हरमनप्रीत के लिए इस स्टेज तक का सफर उनकी अपनी उम्मीदों से भी कहीं ज्यादा रहा है। अपने करियर और उन्हें मिले सपोर्ट के बारे में बात करते हुए उन्होंने इस मुकाम तक पहुंचने में मदद के लिए अपनी टीम की साथियों, बीसीसीआई, सपोर्ट स्टाफ और अपने परिवार को श्रेय दिया। उन्होंने कहा, मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं इतनी दूर तक पहुंच पाऊंगी। मैं अपनी टीम की साथियों, बीसीसीआई स्पोर्ट्स स्टाफ, अपने परिवार के सदस्यों और माता-पिता को इसका श्रेय देना चाहूंगी। वे मेरी सबसे बड़ी ताकत रहे हैं। उम्मीद है कि मैं आगे भी कई वर्षों तक टीम को जरूरत पड़ने पर कड़ी मेहनत करती रहूंगी।÷

टी20 इंटरनेशनल में अफगानिस्तान के खिलाफ कैसा है टीम इंडिया का रिकॉर्ड?

2024 में दो सुपर ओवर से निकला था नतीजा

नई दिल्ली। भारत और अफगानिस्तान के बीच तीन मैचों की टी20 इंटरनेशनल सीरीज का आगाज 13 सितंबर से होने जा रहा है। श्रेयस अय्यर की कप्तानी में इस सीरीज में टीम इंडिया का पलड़ा भारी माना जा रहा है, लेकिन अफगानिस्तान का रिकॉर्ड भी पिछले कुछ समय में इस फॉर्मेट में कमाल का रहा है। हालांकि, टी20 इंटरनेशनल में भारत का रिकॉर्ड अफगानिस्तान के खिलाफ अब तक कमाल का रहा है। दोनों देशों के बीच अब तक कुल 9 टी20 इंटरनेशनल मुकाबले खेले गए हैं, जिसमें से 8 मैचों में भारतीय टीम ने जीत दर्ज की है। वहीं, एक मुकाबला बेनतीजा रहा है। यानी अफगानिस्तान को क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट में



भारत के खिलाफ अब तक जीत नसीब नहीं हो सकी है। साल 2024 में बेंगलुरु के चिन्नास्वामी क्रिकेट स्टेडियम में भारत और अफगानिस्तान के बीच खेला गया टी20 इंटरनेशनल मुकाबला टाई जरूर रहा था। इस मैच का नतीजा दो सुपर ओवर खेले जाने के बाद निकला था, जहां टीम इंडिया आखिर में बाजी मारने में सफल रही थी। टी20 में भारत और अफगानिस्तान की आखिरी भिड़ंत विश्व कप 2024 में हुई थी, जहां भारतीय टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 47 रनों से जीत दर्ज की थी। अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम में जसप्रीत बुमराह की वापसी हुई है।

मोहसिन नकवी होंगे विमेंस एशिया कप के समापन समारोह में शामिल

ट्रॉफी को लेकर छिड़ सकता है विवाद



नई दिल्ली। एसीसी विमेंस एशिया कप 2026 अब अपने निर्णायक दौर में है और भारतीय टीम खिताब जीतने की सबसे मजबूत दावेदारों में से एक बनकर उभरी है। ऐसे में ट्रॉफी देने की रस्म को लेकर एक बार फिर विवाद होने की संभावना बन रही है। दरअसल, खबरों के अनुसार, एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी दुबई में होने वाले इस टूर्नामेंट के समापन समारोह में शामिल होंगे। पिछले साल पुरुषों के एशिया कप की तरह ही एसीसी प्रमुख और पाकिस्तान के संघीय गृह और नारकोटिक्स कंट्रोल मंत्री नकवी फाइनल के बाद जीतने वाली टीम को ट्रॉफी सौंपेंगे। पाकिस्तान के स्पोर्ट्स चैनल %जियो सुपर% की एक रिपोर्ट के मुताबिक, नकवी 13 सितंबर को इस टूर्नामेंट के फाइनल में शामिल होने के लिए दुबई जाएंगे और समापन समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। पिछले साल दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में पुरुषों के एशिया कप फाइनल के दौरान नकवी एक बड़े विवाद के केंद्र रहे थे। एशिया कप के फाइनल मुकाबले में भारत ने पाकिस्तान को हराया था, लेकिन भारत ने नकवी के हाथों ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया था क्योंकि पाकिस्तान भारत में सीमा-पार आतंकवाद का समर्थन करता था। भारतीय टीम ने एमिरेट्स क्रिकेट बोर्ड के उपाध्यक्ष खालिद अल जारूनी से ट्रॉफी लेने की इच्छा जताई थी, लेकिन कहा जाता है कि नकवी ने इस प्रस्ताव को ठुकरा दिया था। जब नकवी मंच पर आए, तो भारतीय टीम ने साफ कर दिया कि वे उनसे ट्रॉफी नहीं लेंगे। कुछ ही देर बाद, ट्रॉफी को चुपचाप वहां से हटा दिया गया, जिससे विजेता टीम को ट्रॉफी नहीं मिल पाई थी।

जिम्बाब्वे महिला क्रिकेट टीम के हेड कोच बने मार्क कोल्स

हरारे। जिम्बाब्वे क्रिकेट ने मार्क कोल्स को महिला राष्ट्रीय टीम का नया हेड कोच नियुक्त किया है। बोर्ड ने कई उम्मीदवारों के इंटरव्यू और चयन प्रक्रिया के बाद उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी है। मार्क कोल्स जिम्बाब्वे महिला टीम के साथ अपने नए कार्यकाल की शुरुआत करेंगे। मार्क कोल्स का पहला असाइनमेंट साउथ अफ्रीका के खिलाफ घरेलू टी20 सीरीज होगी। यह सीरीज शुक्रवार से बुलावायो के क्रीज स्पोर्ट्स क्लब में शुरू होगी। कोल्स के पास काफी अनुभव है। वह पहले पाकिस्तान और स्कॉटलैंड की महिला क्रिकेट टीमों के मुख्य कोच रह चुके हैं। इसके अलावा, उन्होंने क्रिकेट पापुआ न्यू गिनी में हाई-परफॉर्मेंस मैनेजर के रूप में भी काम किया है। वह स्कॉटलैंड



की पुरुष टीम के साथ भी जुड़े रहे हैं और ऑस्ट्रेलिया में कोचिंग सलाहकार की भूमिका निभा चुके हैं। कोल्स ने अपनी नियुक्ति पर खुशी जताते हुए कहा कि जिम्बाब्वे महिला क्रिकेट इस समय एक नए और अहम दौर में प्रवेश कर रहा है। टीम अब आईसीसी महिला चैंपियनशिप का हिस्सा है, जिससे खिलाड़ियों को दुनिया की मजबूत टीमों के खिलाफ ज्यादा मुकाबले खेलने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा, ÷जिम्बाब्वे में महिला क्रिकेट के लिए यह बहुत रोमांचक समय है। ऐसे मौके पर सही लोगों का टीम के साथ होना बेहद जरूरी है, ताकि इस सफर को सही दिशा दी जा सके और टीम लगातार आगे बढ़ती रहे। जिम्बाब्वे क्रिकेट के चेयरमैन तवेंगवा मुखुहलानी ने एक बयान में कहा, ÷मार्क कोल्स के पास अंतरराष्ट्रीय कोचिंग और हाई-परफॉर्मेंस का काफी अनुभव है। इसके साथ ही उन्हें महिला क्रिकेट की जरूरतों की भी अच्छी समझ है। कोल्स का मानना है कि सही माहौल और बेहतर तैयारी के साथ जिम्बाब्वे महिला टीम आने वाले वर्षों में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मजबूत प्रदर्शन कर सकती है। यह नियुक्ति जिम्बाब्वे महिला क्रिकेट के लिए एक अहम मोड़ पर हुई है, क्योंकि इस साल की शुरुआत में उन्होंने अंतरिम कोचिंग सेटअप के तहत आईसीसी महिला चैंपियनशिप में ऐतिहासिक डेब्यू किया था। आईसीसी महिला चैंपियनशिप के मौजूदा चक्र में जिम्बाब्वे महिला टीम का कार्यक्रम काफी व्यस्त रहने वाला है। यह चैंपियनशिप 2029 महिला क्रिकेट विश्व कप के लिए क्वालिफिकेशन तय करेगी, इसलिए हर सीरीज टीम के लिए अहम होगी। साउथ अफ्रीका के खिलाफ मौजूदा घरेलू सीरीज के बाद जिम्बाब्वे को न्यूजीलैंड और पाकिस्तान का दौरा करना है, जहां टीम विदेशी परिस्थितियों में मुकाबले खेलेगी। इसके बाद अक्टूबर में भारत की टीम जिम्बाब्वे दौरे पर आएगी। भारत के खिलाफ घरेलू सीरीज खेलने के बाद जिम्बाब्वे महिला टीम बांग्लादेश का दौरा भी करेगी। वहीं, अपने घर में जिम्बाब्वे को साउथ अफ्रीका, वेस्टइंडीज, श्रीलंका और आयरलैंड की मेजबानी करने का मौका मिलेगा।

यूएस ओपन: सितसिपास को हराकर शेल्टन ने बनाई क्वार्टर फाइनल में जगह, अल्काराज से होगी अगली भिड़ंत

न्यूयॉर्क। अमेरिकी टेनिस खिलाड़ी बेन शेल्टन शानदार फॉर्म में हैं और उनका यूएस ओपन अभियान सही समय पर रफ्तार पकड़ चुका है। आठवीं वरीयता प्राप्त शेल्टन ने चौथे दौर के मुकाबले में ग्रीस के स्टेफानोस सितसिपास को सीधे सेटों में 6-2, 6-3, 6-4 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। शेल्टन ने पूरे मैच में आक्रामक खेल दिखाया और सितसिपास को वापसी करने का कोई मौका नहीं दिया। उन्होंने शुरुआत से ही मैच पर पकड़ बनाए रखी और तीनों सेट आसानी से जीते। क्वार्टर फाइनल मुकाबले में शेल्टन का सामना मौजूदा चैंपियन कार्लोस अल्काराज से होगा।बेन शेल्टन के लिए यूएस ओपन के क्वार्टर फाइनल तक का सफर बिल्कुल आसान नहीं रहा। टूर्नामेंट के शुरुआती तीन मैचों में उन्हें कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। टैलन ग्रीकस्पूर, ह्यूबर्ट हरकाज और डेनिस शापोवालोव के खिलाफ उन्हें जीत के लिए चार-चार सेट खेलने पड़े। हालांकि, चौथे दौर में शेल्टन ने अपना सबसे बेहतरीन खेल दिखाया। आर्थर ऐश स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में 23 वर्षीय अमेरिकी खिलाड़ी ने स्टेफानोस सिटसिपास को कोई मौका नहीं दिया और पूरे मैच में दबदबा बनाए रखा। शेल्टन ने सिर्फ 1 घंटा 51 मिनट में जीत हासिल की। बेन शेल्टन ने यूएस ओपन में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। वह अपने करियर में छठी बार



किसी ग्रैंड स्लैम के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे हैं। वहीं, यूएस ओपन में यह दूसरी बार है जब उन्होंने अंतिम आठ में जगह बनाई है। शेल्टन ने 2023 में भी यूएस ओपन में शानदार प्रदर्शन किया था। उस समय वह टूर्नामेंट में सिर्फ दूसरी बार खेल रहे थे, लेकिन सेमीफाइनल तक पहुंचने में सफल रहे थे। हाल के महीनों में भी शेल्टन का प्रदर्शन बेहतरीन रहा है। विंबलडन के बाद शुरू हुए नॉर्थ अमेरिकन हार्ड-कोर्ट सीजन में उनका जीत-हार का रिकॉर्ड 12-2 का रहा है, जो उनकी शानदार फॉर्म को दिखाता है। इसी दौरान उन्होंने मॉन्ट्रियल में अपना दूसरा एटीपी मास्टर्स 1000 खिताब भी जीता। इसके अलावा, शेल्टन लगातार मजबूत खिलाड़ियों को हराते हुए आगे बढ़ रहे हैं। स्टेफानोस सितसिपास को हराने से पहले भी उन्होंने ऐसे खिलाड़ियों को मात दी, जो कभी एटीपी रैंकिंग के टॉप-10 में रह चुके हैं। स्टेफानोस सिटसिपास भी इस मुकाबले में अच्छे आत्मविश्वास के साथ उतरे थे। उन्होंने यूएस ओपन में मजबूत खिलाड़ियों को हराकर चौथे दौर तक का सफर तय किया था। सितसिपास ने पहले आर्थर फिल्स को हराया, जो हाल ही में सिनसिनाटी चैंपियन बने थे। इसके बाद उन्होंने लॉयड हैरिस और 18वीं वरीयता प्राप्त जिरी लेहेका को भी मात दी। हालांकि, बेन शेल्टन के खिलाफ वह संघर्ष करते नजर आए। अमेरिकी खिलाड़ी ने मैच की शुरुआत से ही दबाव बनाना शुरू कर दिया और सितसिपास को अपनी लय में आने का मौका नहीं दिया। पहले सेट में पिछड़ने के बाद सितसिपास की मुश्किलें बढ़ती गईं। दूसरे सेट में जब वह 2-5 से पीछे थे, तब उन्हें कुछ समय के लिए मेडिकल स्टाफ की मदद भी लेनी पड़ी। इसके बावजूद वह मैच का रुख नहीं बदल सके।

कोनोली-कुन्हेमैन की क्यों हुई ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट टीम में वापसी? समझिए नेसर कैसे बन सकते हैं साउथ अफ्रीका में ट्रंप कार्ड

नई दिल्ली। साउथ अफ्रीका के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम का ऐलान हो गया है। मैथ्यू कुन्हेमैन, कूपर कोनोली और माइकल नेसर की टीम में वापसी हुई है। आइए आपको बताते हैं इन तीनों खिलाड़ियों को किस आधार पर टेस्ट टीम में वापस बुलाया गया है। कूपर कोनोली ÷ ऑस्ट्रेलिया के उभरते हुए ऑलराउंडर कूपर कोनोली ने पिछले साल श्रीलंका के खिलाफ अपना टेस्ट डेब्यू किया था। लगभग डेढ़ साल बाद कोनोली को दोबारा से टेस्ट टीम में जगह दी गई है। इसका कारण यह है कि कोनोली ने पिछले कुछ समय में अपनी बल्लेबाजी से खासा प्रभावित किया है। बांग्लादेश के खिलाफ खेली गई वनडे सीरीज में कोनोली का प्रदर्शन दमदार रहा था।



उन्होंने सीरीज के तीसरे वनडे में 149 रनों की बड़ी पारी खेलकर अपने धैर्य और संयम का परिचय दिया था। कोनोली तेजी से रन बटोरने में तो माहिर है ही लेकिन उनकी बल्लेबाजी में वो स्थिरता भी नजर आती है, जो टेस्ट फॉर्मेट में कामयाब होने के लिए एक बल्लेबाज के लिए सबसे जरूर मानी जाती है। बल्ले के साथ-साथ वह गेंद से भी अहम योगदान दे सकते हैं। फर्स्ट-क्लास क्रिकेट में कोनोली का बल्लेबाजी औसत 42.10 का रहा है। मैथ्यू कुन्हेमैन- साल 2023 में भारत दौरे पर आए मैथ्यू कुन्हेमैन ने अपनी गेंदबाजी से खूब सुर्खियां बटोरी थीं। उस सीरीज में कुन्हेमैन ने 3 टेस्ट मैचों में 9 विकेट अपने नाम किए थे। यही नहीं, बल्कि नाथन लायन के साथ मिलकर वह भारतीय बल्लेबाजों के लिए बड़ा सिरदर्द साबित हुए थे। बाएं हाथ के स्पिनर का प्रदर्शन जून में पाकिस्तान के खिलाफ खेली गई वनडे सीरीज में भी दमदार रहा था और वह घरेलू क्रिकेट में भी लगातार अपनी काबिलियत साबित करते रहे हैं। पाकिस्तान के खिलाफ उन्होंने किफायती गेंदबाजी करने के साथ-साथ 3 मुकाबलों में 5 विकेट भी निकाले थे।

CMYK

page 7_Layout 1 07-09-2026 16:01 Page 1

टी-शर्ट को लेकर तेलंगाना विधानसभा गेट पर भिड़े बीआरएस विधायक और पुलिस, केटीआर समेत कई नेता हिरासत में

डेली आवाज भारती



हैदराबाद । मानसून सत्र के पहले दिन सोमवार को तेलंगाना विधानसभा के मुख्य प्रवेश द्वार पर विपक्षी पार्टी भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के विधायकों और पुलिस के बीच टकराव देखने को मिला। बीआरएस नेताओं के विरोध प्रदर्शन के दौरान हुए हंगामे के बाद पुलिस ने केटी रामा राव, टी. हरीश राव और अन्य को हिरासत में ले लिया। पुलिस की ओर से बीआरएस के उन एमएलए और एमएलसी को रोक दिया गया, जिन्होंने राज्य सरकार के अधूरे वादों के विरोध में नारे लिखी टीशर्ट पहनी हुई थी। पुलिस अधिकारियों ने उन्हें बताया कि टी-शर्ट पहनकर विधानसभा में जाने की इजाजत नहीं है। इस बात पर विधायकों और पुलिस के बीच तीखी बहस हुई और आखिरकार हाथापाई की नौबत आ गई। बीआरएस का आरोप है कि पुलिस की कार्रवाई में के.टी. रामा राव, जगदीश रेड्डी और सुनीता रेड्डी को मामूली चोटें आईं। पूर्व मंत्री और विधानसभा में बीआरएस के डिप्टी लीडर हरीश राव हाथापाई के दौरान गिर पड़े। पुलिसकर्मियों की बदसलूकी से विधायक सुनीता रेड्डी रो पड़ीं।

बीआरएस का आरोप है कि पुलिसकर्मियों ने पूर्व मंत्री सबिता इंद्रा रेड्डी के बाल खींचकर बदसलूकी की। इस हंगामे के बीच पूर्व मंत्री जगदीश रेड्डी बेहोश हो गए, जबकि के.टी. रामा राव और हरीश राव ने विरोध जताने के लिए अपनी टी-शर्ट उतार दीं और बनियान में आ गए। इसके बाद पुलिसकर्मियों ने विरोध कर रहे विधायकों को जबरन उठाया और वहां से ले गए।

बीआरएस का आरोप है कि पुलिस ने हरीश राव के साथ बुरा बर्ताव किया। बीआरएस कार्यकर्ता पुलिस के %अलोकतांत्रिक% व्यवहार से नाराज थे। उनका कहना था कि पुलिस ने इस बात की भी परवाह नहीं की कि वह विपक्ष के नेता हैं। बीआरएस नेताओं का आरोप है कि सवाल पूछे जाने के डर से रेवंत रेड्डी सरकार मारपीट और गिरफ्तारी का सहारा ले रही है।

विपक्षी पार्टी ने यह भी आरोप लगाया कि गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने के.टी. रामा राव के साथ बदतमीजी की और उन्हें जबरन गाड़ी में बैठाया। बीआरएस के विधायक तलसानी श्रीनिवास यादव, सबिता इंद्रा रेड्डी, सुनीता रेड्डी, कोवा लक्ष्मी और माधवराम कृष्णा राव ने अपने साथी बीआरएस विधायकों के साथ पुलिस की ज्यादती के विरोध में विधानसभा गेट के अंदर धरना दिया।

के.टी. रामा राव ने पुलिस के व्यवहार को लेकर सरकार पर गुस्सा जाहिर किया। उन्होंने सवाल किया कि जब लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी विरोध जताने के लिए संसद में काली टी-शर्ट पहन सकते हैं, तो उन्हें क्यों रोका गया। पूर्व मंत्री ने कहा कि वे तो बस 2023 के चुनावों के दौरान किए गए वादों को पूरा न करने को लेकर सरकार से सवाल पूछ रहे थे। इसके कुछ ही देर बाद के.टी. रामा राव, हरीश राव और पार्टी के दूसरे नेता पार्टी हेडक्वार्टर पहुंचे। पार्टी ने सरकार के उस कदम के विरोध में पूरे राज्य में प्रदर्शन करने का आह्वान किया है, जिसके तहत उसके विधायकों को सत्र में शामिल होने से रोका गया। के.टी. रामा राव ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार ने वादों को पूरा न करके समाज के सभी वर्गों के साथ धोखा किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार 420 वादों, छह गारंटियों और 13 घोषणाओं में से किसी को भी पूरा करने में नाकाम रही है।

हरियाणा को जल्द ही एक प्रमुख आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस हब के रूप में विकसित किया जाएगा : आरती सिंह राव

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि राज्य सरकार मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश को डिजिटल रूप से सशक्त और अत्याधुनिक तकनीक से लैस करने के लिए निरंतर ऐतिहासिक कदम उठा रही है। हरियाणा को जल्द ही एक प्रमुख आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (ढ्ढ) हब के रूप में विकसित किया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि प्रदेश में ई-गवर्नेंस और अंतिम व्यक्ति तक सुविधाओं की पहुंच को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से वर्तमान में 25,201 अटल सेवा केंद्र पंजीकृत किए जा चुके हैं, जिनमें से 17,085 ग्रामीण और 8,116 शहरी क्षेत्रों में सफलतापूर्वक कार्यरत हैं। इसके साथ ही, अंत्योदय सरल पोर्टल के माध्यम से 75 विभागों, बोर्डों और निगमों की 946 ऑनलाइन सेवाएं तथा योजनाएं आम जनता को घर बैठे उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि डिजिटल सशक्तिकरण की दिशा में आगे बढ़ते हुए हरियाणा, केंद्र सरकार की डिजी लॉकर सेवा को अपनाने में देश का अग्रणी राज्य बन चुका है, जहां वर्तमान में 228 प्रकार के दस्तावेज़ और प्रमाण-पत्र डिजिटल सत्यापन के लिए आसानी से उपलब्ध हैं।

आरती सिंह राव ने बताया कि जन-साधारण को पारदर्शी सेवाएं देने के लिए लोकायुक्त पोर्टल का संचालन किया जा रहा है और राज्य के सभी जिलों की समर्पित आधिकारिक वेबसाइट्स तैयार कर ली गई हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल कनेक्टिविटी मजबूत करने हेतु ग्राम पंचायतों में 8,468 वाई-फाई हॉट स्पॉट लगाए जा चुके हैं, वहीं प्रशासनिक कार्यों में गतिशीलता लाने के लिए प्रदेश के 44 विभागों और सभी जिलों में %ई-ऑफिस% के जरिए कामकाज पूरा किया जा रहा है। जन-समस्याओं के त्वरित समाधान को सरकार की शीर्ष प्राथमिकता बताते हुए स्वाथ्य मंत्री ने साझा किया कि हर जिला मुख्यालय पर %सीएम विंडो% की शुरुआत की गई है, जिसके माध्यम से 31 अगस्त, 2026 तक 15.32 लाख से भी अधिक शिकायतों का सफलतापूर्वक निस्तारण किया जा चुका है। सोशल मीडिया पर प्राप्त शिकायतों और उनके निवारण पर निगरानी रखने के लिए सरकार ने एक नया इन-हाउस सिस्टम %सोशल मीडिया ग्रीवेंस ट्रैकर% भी विकसित किया है।

उन्होंने आगे बताया कि उक्त उपलब्धियों के अलावा, नागरिक अधिकारों की रक्षा करते हुए व्यवस्था बनाई गई है कि यदि किसी आवेदक को निर्धारित समय में सेवा प्राप्त नहीं होती है, तो उसका आवेदन स्वतः ही अपीलेट अथॉरिटी के पास चला जाता है।

इंजन ऑयल प्रेशर की चेतावनी के बाद अबू धाबी जा रही एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट एहतियातन कोच्चि लौटी: एयरलाइन

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली । एयर इंडिया एक्सप्रेस ने सोमवार को स्पष्ट किया कि केरल के कोच्चि एयरपोर्ट से अबू धाबी जा रही उसके एक विमान में खराबी पाए जाने के बाद सुरक्षा नियमों के तहत वह वापस कोच्चि हवाईअड्डे पर लौट आया। एयरलाइन के अनुसार, विमान में एक तकनीकी संकेत मिलने के बाद चालक दल ने स्थापित सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करते हुए यह निर्णय लिया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, बोइंग 737 विमान संख्या आईएक्स-415 कोच्चि अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे से अबू धाबी के लिए रवाना हुआ था। उड़ान के लगभग 50 मिनट बाद, जब विमान लगभग 36,000 फीट की ऊंचाई पर था, तब चालक दल ने इंजन 1 में ऑयल की मात्रा में तेजी से गिरावट देखी। एयर इंडिया एक्सप्रेस के प्रवक्ता ने कहा, ÷करीब एक सप्ताह पहले हमारी कोच्चि-अबू धाबी उड़ानों में से एक को स्थापित सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत वापस लौटाया गया था।÷ उन्होंने यह भी कहा कि घटना को समय-सीमा और संदर्भ के बिना प्रस्तुत करने से यात्रियों और आम लोगों में अनावश्यक चिंता पैदा हो सकती है। इसके अलावा, पायलटों ने स्थिति का आकलन करने के लिए एफओआरडीईसी (फैक्ट्स, ऑप्शंस, रिस्क्स एंड बेनिफिट्स, डिसीजन, एक्जीक्यूशन एंड चेक) प्रक्रिया अपनाई, जो विमानन क्षेत्र में उपयोग की जाने वाली एक संरचित निर्णय प्रणाली है। ऑयल की मात्रा में लगातार गिरावट को देखते हुए चालक दल ने विमान को वापस कोच्चि ले जाने का फैसला किया। बताया गया है कि विमान के कमांडर ने मुंबई रेडियो के माध्यम से हवाई यातायात नियंत्रण को स्थिति की जानकारी दी और विमान ने वापसी का रुख किया। इस दौरान चालक दल लगातार इंजन के विभिन्न मानकों की निगरानी करता रहा और किसी भी संभावित स्थिति के लिए तैयार रहा। सूत्रों के अनुसार, वापसी का निर्णय लेने के लगभग 45 मिनट बाद इंजन 1 का ऑयल प्रेशर अस्थिर होने लगा और कॉकपिट में यह चेतावनी लाल क्षेत्र में पहुंच गई।

अवैध निर्माण, आग, पानी और भगदड़... क्यों नहीं थम रहीं दिल्ली की त्रासदियां?

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली। दिल्ली के सत्य निकेतन इलाके में एक बहुमंजिला इमारत गिरने की घटना में एक बार फिर साबित कर दिया है कि राष्ट्रीय राजधानी में लापरवाही की कीमत लोगों को अपनी जान देकर चुकानी पड़ रही है। जहां कभी अवैध इमारत ढह जाती है, कभी होटलों में आग लग जाती है, कभी पानी कोचिंग सेंटरों के भीतर घुस जाता है, तो कभी भगदड़ जैसी घटनाएं हो जाती हैं। हर बार जवाबदेही बयानों और कागजों में दबकर रह जाती है। सत्य निकेतन इलाके में हुए हादसे में अब तक सात लोगों की मौत हो चुकी है। मरने वाले अधिकतर छात्र बताए गए हैं, जो दूरदराज से अपनी जिंदगी और परिवार की स्थिति को बदलने का ख्वाब लेकर दिल्ली आए थे। पता चला है कि यह 40-50 साल पुरानी इमारत थी, जिसमें एक बेसमेंट और 5 ऊपरी मंजिलें थीं और इसका इस्तेमाल पीजी के तौर पर किया जा रहा था। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के अनुसार बेसमेंट में पानी भरा और इसके कारण वह जमींदोज हो गई। दिल्ली में इमारत गिरने की यह कोई अकेली घटना नहीं है। बीते दो वर्षों में रोहिणी, साकेत, वेलकम, करोल बाग, पहाड़गंज और मुस्तफाबाद के अलावा दिल्ली के कई अन्य इलाकों में इमारत गिरने की घटनाएं हुई। इस साल मई में साकेत मेट्रो स्टेशन के पास एक पांच मंजिला इमारत गिरने से छह लोगों की मौत हुई, जबकि जुलाई में रोहिणी सेक्टर-16 में ऐसी ही घटना में तीन मजदूर मलबे में दबकर मर गए। वहीं, पिछले साल अप्रैल में मुस्तफाबाद में चार मंजिला मकान ढहने से 11 लोगों की जान गई थी। इमारतों के ढहने की इन घटनाओं के अलावा दिल्ली में बड़े-बड़े अग्निकांड भी हुए हैं। इसी साल मार्च में दिल्ली के पालम इलाके में एक इमारत में आग लगने के कारण 9 लोग मारे गए थे। फिर मई महीने में विवेक विहार अग्निकांड में 9 लोगों की जान गई थी। जून में दिल्ली के मालवीय नगर में %फ्लोरिश स्टे% होटल में आग लगने से 21 लोगों की जान चली गई। इस त्रासदी में मारे गए 21 लोगों में से 9 भारतीय थे, जबकि बाकी विदेशी नागरिक थे, जिनमें बांग्लादेश, लाइबेरिया, नाइजीरिया और मोजाम्बिक के नागरिक शामिल थे।

इससे पहले भी दिल्ली ने कई बड़े अग्निकांड का दर्द झेला। मई 2022 में मुंडका इंडस्ट्रियल एरिया में आग लगने के कारण 27 लोगों की जान गई। फरवरी 2019 में करोल बाग इलाके में एक होटल में आग लगने से 17 लोग मारे गए। उसी साल दिल्ली में रानी झांसी रोड पर अनाज मंडी में भीषण आग में 43 लोगों की मौत हुई। वहीं, जनवरी 2018 में बवाना इंडस्ट्रियल एरिया में बहुत बड़ी आग लगी, जिसमें 17 लोगों की जान गई।

आग तो आग दिल्ली में पानी ने भी लोगों की जान ली है। जुलाई 2024 में दिल्ली के ओल्ड राजेंद्र नगर स्थित एक कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में भारी बारिश के बाद पानी भरा था। उसमें तीन सिविल सेवा अभ्यर्थियों की मौत हो गई थी। दिल्ली में भगदड़ की घटना ने भी जीवन को संकट में डाला। पिछले साल फरवरी में भगदड़ की घटना नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई थी, जिसमें कम से कम 18 लोग मारे गए। स्टेशन पर प्रयागराज जाने वाली ट्रेनों के इंतजार में प्लेटफॉर्म नंबर 14 और 15 पर भारी भीड़ जमा थी। ट्रेन के लेट होने और प्लेटफॉर्म बदलने की अफवाह ने अफरातफरी मचा दी, जो देखते ही देखते भगदड़ में बदल गई थी।

पंजाब सरकार के मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति के विरोध पर हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने जताई कड़ी आपत्ति

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने पंजाब सरकार द्वारा न्यायमूर्ति अश्वनी कुमार मिश्रा को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किए जाने पर सवाल उठाने और विरोध करने के कथित रुख की कड़ी निंदा की है। इस मुद्दे पर बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी समिति की अध्यक्ष रोहित सूद के नेतृत्व में आपात बैठक हुई, जिसमें न्यायपालिका की स्वतंत्रता और गरिमा से जुड़े मुद्दों पर विचार किया गया। बार एसोसिएशन ने कहा कि न्यायपालिका की स्वतंत्रता संवैधानिक लोकतंत्र के मूलभूत स्तंभों में से एक है और संविधान की मूल संरचना का अभिन्न हिस्सा है। स्वतंत्र और निर्भीक न्यायपालिका कानून के शासन तथा नागरिकों के मौलिक अधिकारों और स्वतंत्रता की रक्षा के लिए आवश्यक है। कार्यपालिका द्वारा न्यायपालिका पर दबाव डालने, उसका राजनीतिकरण करने या उसकी स्वतंत्रता में हस्तक्षेप करने के किसी भी प्रयास को गंभीरता से लिया जाना चाहिए। एसोसिएशन ने कहा कि उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों और मुख्य न्यायाधीशों की नियुक्ति संवैधानिक व्यवस्था और सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित न्यायिक नियुक्ति प्रक्रिया के तहत होती है। संवैधानिक प्रक्रिया के तहत नियुक्ति होने के बाद राजनीतिक असहमति के आधार पर न्यायपालिका के अधिकार, गरिमा या संस्थागत स्वतंत्रता को कमजोर नहीं किया जा सकता।

बार एसोसिएशन ने मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति के विरोध को संघवाद या राज्य के संवैधानिक अधिकारों से जोड़ने के कथित प्रयास पर भी चिंता जताई। एसोसिएशन के अनुसार, उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति की संवैधानिक प्रक्रिया को राजनीतिक विवाद या कार्यपालिका और न्यायपालिका के टकराव का विषय नहीं बनाया जा सकता। शक्तियों के पृथक्करण का संवैधानिक सिद्धांत राज्य के प्रत्येक अंग से दूसरे अंग की संस्थागत स्वायत्तता और संवैधानिक अधिकार क्षेत्र का सम्मान करने की अपेक्षा करता है।

एसोसिएशन ने मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति पर विचार करने के लिए पंजाब मंत्रिमंडल की आपात बैठक बुलाए जाने पर भी गंभीर चिंता जताई। बार के अनुसार, न्यायिक नियुक्ति से जुड़े संवैधानिक विषय में कार्यपालिका के हस्तक्षेप की धारणा भी न्याय व्यवस्था में लोगों के विश्वास को प्रभावित कर सकती है।

बार एसोसिएशन ने पंजाब सरकार से पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट की गरिमा और मुख्य न्यायाधीश के पद की प्रतिष्ठा बनाए रखने का आग्रह किया। उसने कहा कि मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति को राजनीतिक मुद्दा बनाने से संवैधानिक संस्था की गरिमा प्रभावित हो सकती है और न्यायपालिका में नागरिकों के विश्वास पर असर पड़ सकता है।

गोंडा में शराब सेल्समैन से 70 हजार की लूट का आरोपी मुठभेड़ में घायल, 19,500 रुपये बरामद

गोंडा । गोंडा में शराब सेल्समैन से 70 हजार रुपये की लूट के मामले में फरार चल रहे आरोपी यश प्रताप सिंह की सोमवार तड़के पुलिस से मुठभेड़ हो गई। इसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार नगर कोतवाली पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने लालपुर खालसा तिराहा के पास घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ने का प्रयास किया। पुलिस के मुताबिक, इस दौरान आरोपी ने टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में उसके बाएं पैर में गोली लगी। घायल आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस के अनुसार, 4 सितंबर को गोंडा-लखनऊ हाईवे पर लालपुर चंद्रभान के पास रुद्रपुर विषय कंपोजिट शराब की दुकान के सेल्समैन अंकित गुप्ता के साथ लूट की वारदात हुई थी। आरोप है कि बदमाशों ने सेल्समैन के साथ मारपीट की और उनसे करीब 70 हजार रुपये लूट लिए। घटना की सूचना मिलने के बाद नगर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की थी।

पश्चिम बंगाल की आर्थिक स्थिति में हो रहा सुधार : मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी

डेली आवाज भारती



कोलकाता । पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने सोमवार को कहा कि राज्य की आर्थिक स्थिति में धीरे-धीरे सुधार होने लगा है। उन्होंने कहा कि ऐसा राज्य को कई केंद्रीय योजनाओं से जोड़ने के फैसलों के बाद हुआ है। मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने कहा, ÷पिछली सरकार की वित्तीय अनुशासनहीनता और भ्रष्टाचार के कारण हुए भारी राजस्व नुकसान की वजह से पश्चिम बंगाल की अर्थव्यवस्था दिवालियापन की कगार पर पहुंच गई थी। पिछली सरकार की ओर से केंद्र प्रायोजित विभिन्न योजनाओं में शामिल न होने की अनिच्छा ने स्थिति को और भी खराब कर दिया था। उन्होंने कहा, मैं यह नहीं कह सकता कि राज्य की आर्थिक स्थिति पूरी तरह से सुधर गई है। मुझे व्यक्तिगत रूप से लगता है कि आर्थिक संकट से उबरने में हमें एक साल लग सकता है। हालांकि, धीरे-धीरे सुधार के संकेत मिल रहे हैं। हमने केंद्र की विभिन्न योजनाओं में शामिल होने का फैसला किया है और नतीजतन, अब राज्य को अधिक फंड मिल रहा है।÷ सुवेंदु अधिकारी राज्य में बढ़ी हुई वृद्धावस्था, विधवा और विकलांगता पेंशन के वितरण की शुरुआत के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले, राज्य में इन तीन योजनाओं के लाभार्थियों को हर महीने 1,000 रुपए मिलते थे। हालांकि, सोमवार से उन्हीं लाभार्थियों को 1,500 रुपए की बढ़ी हुई राशि मिलनी शुरू हो गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली नई राज्य सरकार ने राजस्व के नुकसान को रोकने के लिए उपाय किए हैं, जिससे उन्हें उम्मीद है कि राज्य के अपने कर राजस्व में 18 प्रतिशत का सुधार होगा। उन्होंने कहा, ÷हम राजस्व के ऐसे नुकसान को काफी हद तक रोकने में सफल रहे हैं। मुझे उम्मीद है कि आने वाले दिनों में इन कमियों को और दूर किया।

बिहार : सासाराम में घर की छत पर सो रहे दंपति की गोली मारकर हत्या, इलाके में सनसनी

डेली आवाज भारती



सासाराम । बिहार के रोहतास जिले के सासाराम मुफस्सिल थाना क्षेत्र में रविवार देर रात बदमाशों ने घर की छत पर सो रहे दंपति की गोली मारकर हत्या कर दी। वारदात बेदा बनरसिया गांव में बेदा बस स्टैंड से पश्चिम नहर के पास हुई। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। मृतकों की पहचान ननकी देवी (40) और उनके पति मणि भूषण कुमार (45) के रूप में हुई है। मणि भूषण मूल रूप से पश्चिमी चंपारण के रहने वाले थे। दोनों बेदा मोड़ के पास एक दुकान चलाते थे। मृतका के परिजनों ने बताया कि रविवार रात करीब डेढ़ से दो बजे के बीच अचानक छत से गोली चलने की आवाज सुनाई दी। वह कमरे से बाहर निकलने लगा, लेकिन दरवाजे को बाहर से बंद कर दिया गया था। परिजनों के शोर मचाने पर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और कमरे का दरवाजा खोला। इसके बाद लोग छत पर पहुंचे, जहां ननकी देवी और मणि भूषण खून से लथपथ पड़े मिले। दोनों की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। पुलिस के मुताबिक, अपराधियों ने पहले परिजनों को कमरे के अंदर बंद करने के लिए बाहर से सिक्कड़ लगा दिया। इसके बाद छत पर सो रहे दंपती की गोली मारकर हत्या कर दी और फरार हो गए। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने के लिए फॉरेंसिक टीम को भी लगाया गया है। जानकारी के अनुसार, मणि भूषण ननकी देवी के दूसरे पति थे। करीब पांच वर्ष पहले ननकी देवी के पहले पति की बीमारी से मौत हो गई थी। इसके बाद ननकी देवी और मणि भूषण पहले साथ रहने लगे और बाद में शादी कर ली। ननकी देवी के चार बच्चे हैं। पुलिस हत्या के कारणों का पता लगाने में जुटी है। आपसी विवाद, पुरानी रंजिश या अन्य कारणों समेत कई बिंदुओं पर जांच की जा रही है। पुलिस यह भी पता लगा रही है कि वारदात में कितने अपराधी शामिल थे और वे किस रास्ते से पहुंचे तथा घटना के बाद किस दिशा में फरार हुए। मृतकों के परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही दोहरे हत्याकांड की असली वजह और अपराधियों के बारे में स्पष्ट जानकारी सामने आएगी।

आईआईटी का 'स्कूल कनेक्ट', छात्र 9वीं कक्षा से ही तलाश सकेंगे करियर की राह

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली । आईआईटी जैसे प्रतिष्ठित संस्थान स्कूली छात्रों को भविष्य का करियर और पढ़ाई की दिशा चुनने में मदद करेंगे। ये संस्थान छात्रों को उनके भविष्य से जुड़े अलग-अलग क्षेत्रों से परिचित कराएंगे। इसी उद्देश्य से देश के नंबर वन उच्च शिक्षण संस्थान 'आईआईटी मद्रास' ने 'स्कूल कनेक्ट' कार्यक्रम के आवेदन लेना शुरू कर दिया है। खास बात यह है कि यहां पहली बार 9वीं कक्षा के छात्रों को भी कार्यक्रम में शामिल किया जा रहा है। 'स्कूल कनेक्ट' के तहत विद्यार्थियों को 17 भविष्य-केंद्रित विषयों से परिचित कराया जाता है। इनमें कई ऐसे क्षेत्र हैं जिनके बारे में स्कूल स्तर पर छात्रों को आमतौर पर बहुत कम जानकारी मिलती है। इनमें डेटा साइंस और एआई, एयरोस्पेस, साइबर सुरक्षा, इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम, रासायनिक इंजीनियरिंग, आणविक इंजीनियरिंग, वास्तुकला और डिजाइन, उत्पाद डिजाइन, कानून, अर्थशास्त्र और वित्त, गेम प्रौद्योगिकी, गणित और कंप्यूटिंग व इंजीनियरिंग जैविक प्रणालियां आदि शामिल हैं। इस तरह छात्र केवल पारंपरिक विकल्पों जैसे डॉक्टर, इंजीनियर या सरकारी अधिकारी बनने की जानकारी तक सीमित नहीं रहते, बल्कि उन्हें तकनीक, डिजाइन, कानून, वित्त, जैव-विज्ञान और मानविकी जैसे तेजी से बदलते क्षेत्रों की भी जानकारी मिलती है। आईआईटी मद्रास का मानना है कि विद्यार्थियों को 11वीं कक्षा में विषय या स्ट्रीम चुनने से ठीक पहले नहीं, बल्कि उससे काफी पहले यह समझने का मौका मिलना चाहिए। छात्रों को यह अवसर मिलना चाहिए कि उनकी रुचि किन क्षेत्रों में है और भविष्य में उनके सामने करियर के कौन-कौन से विकल्प मौजूद हैं।

आईआईटी के अक्टूबर 2026 सत्र में 9वीं, 10वीं, 11वीं और 12वीं कक्षा के विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। इसके लिए आवेदन की अंतिम तारीख 30 सितंबर है, जबकि यह पाठ्यक्रम 5 अक्टूबर से शुरू होंगे। कार्यक्रम को आईआईटी मद्रास के सेंटर फॉर आउटरीच एंड डिजिटल एजुकेशन (कोड) के माध्यम से संचालित किया जा रहा है। प्रत्येक पाठ्यक्रम 8 सप्ताह का ऑनलाइन सीखने का कार्यक्रम है।

इसमें रिकॉर्ड किए गए व्याख्यानों के साथ-साथ सीधे संवाद वाले सत्र, अभ्यास कार्य और कंप्यूटर आधारित मूल्यांकन शामिल हैं। जो विद्यार्थी निर्धारित आवश्यकताओं को पूरा करते हैं, उन्हें आईआईटी मद्रास कोड की ओर से आधिकारिक ई-प्रमाणपत्र भी दिया जाएगा। यानी छात्रों को एक ओर देश के प्रतिष्ठित संस्थान के शिक्षकों से सीखने का अवसर मिलेगा, वहीं दूसरी ओर उन्हें अपने भविष्य के विकल्पों को समझने का व्यावहारिक अनुभव भी मिलेगा। आईआईटी मद्रास के अनुसार, 'स्कूल कनेक्ट' कार्यक्रम की शुरुआत के बाद से अब तक 4,900 से अधिक स्कूल इससे जुड़ चुके हैं।

इनमें भारत के बाहर के 60 से अधिक स्कूल भी शामिल हैं। कार्यक्रम से अब तक 1.75 लाख से अधिक छात्र लाभान्वित हो चुके हैं। अब आईआईटी मद्रास ने इस पहल को बड़े स्तर पर ले जाने का लक्ष्य तय किया है। संस्थान आने वाले वर्षों में इसे देशभर के 25,000 स्कूलों तक पहुंचाना चाहता है। इस पहल का उद्देश्य केवल छात्रों को किसी एक विषय की जानकारी देना नहीं है। यहां अलग-अलग उभरते क्षेत्रों का अनुभव देकर यह समझने में मदद की जाएगी है कि छात्रों को किस तरह का काम पसंद आ सकता है और आगे किस डिग्री या करियर का चुनाव किया जा सकता है।

कार्यक्रम की एक महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि इसके पाठ्यक्रम अंग्रेजी के साथ हिंदी में भी उपलब्ध हैं।

CMYK

page 8_Layout 1 07-09-2026 21:08 Page 1

मुझे झूठा बदनाम करके पंजाब को लूटने का मौका ढूंढ रहे हैं विरोधी-भगवंत सिंह मान

लोगों का पैसा लोगों पर खर्च कर रहा हूं, जिस कारण विरोधियों को तकलीफ हो रही है : भगवंत सिंह मान

डेली आवाज भारती

बठिंडा; राहुल गोयल। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज विपक्षी दल पर तीखे निशाने साधते हुए कहा कि विपक्षी नेतृत्व उन्हें झूठा बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं और सालों भर अपने खजाने भरने के बाद अब एक बार फिर पंजाब को लूटने का मौका ढूंढ रहे हैं।

बठिंडा के गांव घुद्दा में लोक मिलनी कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि विपक्षी दल इसलिए परेशान है क्योंकि उनकी सरकार लोगों की भलाई के लिए लोगों का पैसा खर्च कर रही है।

भाजपा और अकाली दल पर बरसते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि ये दोनों पार्टियां एक बार फिर गठजोड़ की ओर बढ़ रही हैं, जिसमें अकाली दल तीन कृषि कानूनों को पास करवाने की शर्त पर भाजपा के साथ हाथ मिलाने को तैयार है। उन्होंने कहा कि जहां कुछ नेता ÷मोदी कोटे÷ के हैं और दूसरे ÷राहुल गांधी कोटे÷ के हैं, वहीं वे अकेले ÷लोगों के कोटे÷ से संबंधित हैं। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि पंजाब के लोगों ने 2022 में एक



अध्यापक के बेटे को मौका दिया था और 2027 में एक और मौका देंगे। उन्होंने आगे कहा कि पंजाब 750 किसानों की शहादत के लिए भाजपा को कभी माफ नहीं करेगा और अकाली दल हमेशा पंजाब के हितों से समझौता करने में आगे रहा है।

लोक मिलनी कार्यक्रम के दौरान सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि विपक्षी पार्टियों का पंजाब और लोगों के खिलाफ काम करने का रिकॉर्ड बहुत खराब रहा है और इनके गुनाहों को कभी माफ नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा, ÷भाजपा ने सदा पंजाब विरोधी मानसिकता अपनाई है और इसके हकों और हितों से संबंधित मुद्दों पर प्रांत के साथ बेइंसाफी की है। चाहे पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़, भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बी.बी.एम.बी.), सतलुज यमुना लिंक (एस.वाई.एल.) नहर, हरिके नहर, गणतंत्र दिवस की झांकियां, ग्रामीण विकास कोष (आर.डी.एफ.) या सीमावर्ती क्षेत्र के फंडों का मुद्दा हो, भाजपा ने हमेशा पंजाब के साथ अन्याय किया है। मुख्यमंत्री ने जिक्र किया, ÷भाजपा के हाथ पंजाब के 700 से अधिक उन किसानों के खून से रंगे हुए हैं, जिन्होंने काले कृषि कानूनों के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए शहादत पाई थी। पंजाब के लोग इसे कभी नहीं भूलेंगे। कांग्रेस के रवैये की याद दिलाते हुए उन्होंने कहा कि यह वही पार्टी है जिसने श्री



अकाल तख्त साहिब पर टैंक चढ़ाए थे और देश के विभिन्न हिस्सों में निर्दोष सिखों का कत्लेआम किया था। उन्होंने आगे कहा, ÷पंजाब में सत्ता में रहने के बावजूद कांग्रेस ने अपने कार्यकाल के दौरान फैले नशे को रोकने के लिए कुछ नहीं किया। कांग्रेस प्रांत में बेअदबी की घटनाओं के लिए जिम्मेदार लोगों को सजा देने में भी नाकाम रही। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, ÷कांग्रेस के पास पंजाबियों का फतवा मांगने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। यह वही पार्टी है जिसने श्री अकाल तख्त साहिब के खिलाफ टैंकों का इस्तेमाल किया और देश भर में निर्दोष सिखों का कत्लेआम किया।÷ मुख्यमंत्री ने कहा कि जब पंजाब में कांग्रेस की सरकार थी तो नौजवानों में नशा फैला, लेकिन पार्टी ने इस अलामत को रोकने के लिए कुछ नहीं किया। बेअदबी के मामलों में भी कांग्रेस इंसाफ देने में नाकाम रही। पंजाब इसे नहीं भूल सकता। अकाली दल को कड़े हाथों लेते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि अपने लंबे शासन के दौरान उन्होंने श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की बेअदबी करने का पाप किया, जिम्मेदार लोगों की पुश्तपनाही की और निर्दोष लोगों पर गोलियां चलाने की इजाजत दी। उन्होंने कहा,



÷अकालियों ने पंजाब को बेरहमी से लूटा, पंजाबियों की भावनाओं को ठेस पहुंचाई और प्रांत में माफियाओं को शह दी। अकाली दल को पड़ी हर वोट बेअदबी के हक में फतवा होगा। अकाली नेतृत्व ने पंजाब के साथ जो किया है, उसके लिए उन्हें कभी माफ नहीं किया जा सकता। उनके सत्ताकाल में नशों की पुश्तपनाही की गई और इस कारण पंजाब की पूरी पीढ़ी बर्बाद हुई। उन्होंने प्रांत की दौलत लूटी और पंजाब को सामाजिक व भावनात्मक तौर पर नुकसान पहुंचाया। मुख्यमंत्री ने कहा, ÷अकाली दल अब भाजपा के साथ गठजोड़ के लिए मिन्नते कर रहा है क्योंकि वह सत्ता में वापसी करना चाहता है। इस गठजोड़ के पीछे कोई विचारधारा, पंजाब के लिए कोई एजेंडा और लोगों की कोई परवाह नहीं है। उनका एकमात्र मकसद सत्ता हथियाना है लेकिन पंजाब के लोग उनके अतीत से अवगत हैं और वे दोबारा मुंह नहीं लगाएंगे। अकाली आगू सुखबीर सिंह बादल पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, ÷सुखबीर सिंह बादल ने उम्र भर ऐशो-आराम और सुरक्षित माहौल में जीवन बिताया है। वे पंजाब की जमीनी हकीकतों को नहीं समझते। वे कॉन्वेंट स्कूल के पढ़े-लिखे सियासी नेता हैं जिन्हें प्रांत के बुनियादी भूगोल का भी पता नहीं, फिर भी वे पंजाब पर राज करना चाहते हैं। बाकी सब कुछ छोड़ें, वे पंजाब की मुख्य फसलों में भी फर्क नहीं कर सकते क्योंकि उन्हें हमारे किसानों की समस्याओं का बहुत कम ज्ञान है। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि अकाली आगुओं ने पंजाब और पंजाबियों के हितों की बजाय हमेशा अपने हितों पर ध्यान केंद्रित किया है, जबकि आम आदमी पार्टी सिर्फ प्रांत की भलाई और तरक्की के लिए वचनबद्ध है। कांग्रेस की आंतरिक खींचतान पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेसी नेता सत्ता के लिए आपस में लड़ रहे हैं, जबकि प्रांत सरकार लोगों की भलाई के लिए अथक मेहनत कर रही है। ÷आप की लड़ाई मानक शिक्षा, अ'छी स्वास्थ्य सुविधाओं, रोजगार और लोगों की भलाई के लिए है। हमारी लड़ाई पंजाबियों के जीवन को बेहतर बनाने की है। दूसरी तरफ कांग्रेसी नेता सत्ता के लिए आपस में लड़ रहे हैं और एक-दूसरे की शक्ल भी देखना नहीं चाहते। उनके पास पंजाब के लिए कोई विजन नहीं है। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, ÷कांग्रेस के पास पंजाब के लिए कोई एजेंडा नहीं है। इसका एकमात्र सपना सत्ता में आकर प्रांत की दौलत को लूटना है, लेकिन यह सपना कभी पूरा नहीं होगा।

हरपाल सिंह चीमा का कांग्रेस पर तंज, 'कभी सीएम बदले, अब बदल रहे इंचार्ज'

डेली आवाज भारती

संगरूर। पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने संगरूर के छज्ली में सोमवार को नई ब्लॉक बिल्डिंग की आधारशिला रखी। इस दौरान उन्होंने आईएएनएस से बात करते हुए कांग्रेस और केंद्र सरकार पर भी जमकर निशाना साधा।

मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा, ÷सभी सरपंचों, पंचायत समिति सदस्यों और चेयरमैन को बहुत-बहुत बधाई। आज नई बिल्डिंग की आधारशिला रखी गई और निर्माण कार्य शुरू हो गया है। इस प्रोजेक्ट पर 2 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। आज मुझे लगता है कि हमारा गांव, छज्ली, साफ तौर पर एक शहर में बदल रहा है। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस हाईकमान द्वारा छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल की जगह राजस्थान के पूर्व



डिप्टी सीएम सचिन पायलट को पंजाब में पार्टी का नया प्रभारी बनाने पर भी चुटकी ली। कांग्रेस पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा, ÷पंजाब के लोगों को पता है कि कांग्रेस कैसे बंटी हुई है। कभी मुख्यमंत्री बदलने पड़े थे, आज वो अपने जो इंचार्ज हैं, उनको बदल रहे हैं तो इसका मतलब है ग्राउंड पर कांग्रेस पार्टी बिल्कुल खत्म हो चुकी है। कांग्रेस के पास न तो कोई नीति बची है और न ही नेतृत्व, इसलिए वह लगातार अपने चेहरों को बदलने पर मजबूर है। पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट के नए चीफ जस्टिस के रूप में जस्टिस अश्वनी कुमार मिश्रा की नियुक्ति को लेकर भी मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि नियमों को दरकिनार कर यह नियुक्ति कर दी गई। उन्होंने कहा, ÷सबसे पहले, गवर्नर और केंद्रीय कानून मंत्री ने हमारे मुख्यमंत्री भगवंत मान को पत्र भेजकर %मेमोरेंडम ऑफ स्टैंडर्ड प्रोसीजर% के पैरा 6 के तहत उनकी राय मांगी थी। हालांकि, उनकी राय पर विचार किए बिना ही नियुक्ति कर दी गई। मेरा मानना है कि यह एक चुने हुए मुख्यमंत्री और पंजाब के तीन करोड़ लोगों का भी अपमान है।

मंत्री चीमा ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार पंजाब के न्यायिक मामलों में पक्षपात कर रही है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा, पंजाब के जस्टिस जीएस संधावालिया, जिनको मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के लिए चुना गया था, तो उनकी फाइल को मध्य प्रदेश के जहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का राज है, उनकी फाइल को दो महीने दबाकर रखा गया और उसके बाद उनका तबादला हिमाचल प्रदेश में कर दिया गया।

जन सुरक्षा से कोई समझौता नहीं- पंजाब में सभी सरकारी इमारतों, पुलों और कलवर्टों के स्ट्रक्चरल ऑडिट के आदेश : हरभजन सिंह ई.टी.ओ.

खामियों की पहचान कर तुरंत सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़, राहुल गोयल : पंजाब के लोक निर्माण मंत्री स. हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने विभाग के अधिकारियों को पूरे राज्य में लोक निर्माण विभाग के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली सभी सरकारी इमारतों, पुलों, कलवर्टों और अन्य ब्रिज स्ट्रक्चर्स की सुरक्षा जांच (स्ट्रक्चरल ऑडिट) करवाने के आदेश जारी किए हैं। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार लोगों की सुरक्षा और कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। सरकार का उद्देश्य सार्वजनिक बुनियादी ढांचे की मजबूती, सुरक्षा और समय पर रख-रखाव सुनिश्चित करना है, ताकि लोगों को सुरक्षित सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा सकें। स. हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने निर्देश दिया कि सभी सरकारी इमारतों की संबंधित फील्ड अधिकारियों के माध्यम से जांच करवाकर उनकी स्ट्रक्चरल स्थिति का विस्तृत आकलन किया जाए। जांच के दौरान सामने आने वाली खामियों, दोषों या कमजोरियों को तुरंत दूर करने के लिए आवश्यक निवारक उपाय, मरम्मत या पुनर्वास कार्य प्राथमिकता के आधार पर करवाए जाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन सरकारी इमारतों को असुरक्षित घोषित किया गया है, उनका किसी भी स्थिति में उपयोग न होने दिया जाए, जब तक आवश्यक सुधारात्मक कार्य पूरे करके उन्हें दोबारा सुरक्षित घोषित न कर दिया जाए। इसी प्रकार, मंत्री ने विभाग के अंतर्गत आने वाले सभी पुलों, कलवर्टों और अन्य ब्रिज स्ट्रक्चर्स की भी सुरक्षा जांच करने के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि यदि कोई ढांचा असुरक्षित पाया जाता है तो आवश्यक कार्य पूरे होने तक तुरंत यातायात प्रतिबंध या अन्य उचित सुरक्षा उपाय लागू किए जाएं। स. हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने यह भी निर्देश दिया कि किसी भी सरकारी इमारत, पुल या कलवर्ट की स्ट्रक्चरल मजबूती को प्रभावित करने वाला कोई भी बदलाव, संशोधन, सुदृढ़ीकरण, चौड़ीकरण, तोड़फोड़ या अन्य कार्य सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना न किया जाए। ऐसे सभी कार्य लागू नियमों, तकनीकी कोड और विभागीय निर्देशों के अनुसार ही किए जाएं। सख्त रुख अपनाते हुए लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि सुरक्षा मानकों के पालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार सुरक्षित, मजबूत और टिकाऊ सार्वजनिक बुनियादी ढांचा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है और लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए हर आवश्यक कदम उठाया जा रहा है।

लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई



नाकाबंदी कर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के काटे चालान

डेली आवाज भारती

कुराली, (संदीप अकालगढ़िया): शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने और नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर शिकंजा कसने के लिए सिटी कुराली पुलिस द्वारा विभिन्न स्थानों पर नाकाबंदी की गई। इस दौरान पुलिस टीमों ने वाहनों की जांच करते हुए यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों के चालान काटे। सिटी कुराली थाना प्रभारी हर्ष मोहन गौतम की अगुवाई में पुलिस कर्मचारियों ने नाकों के दौरान दोपहिया और चारपहिया वाहनों की जांच की। पुलिस ने वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने, वाहन चलाते समय जरूरी दस्तावेज



अपने साथ रखने तथा सड़क सुरक्षा को लेकर सावधानी बरतने के लिए भी जागरूक किया। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। उन्होंने वाहन चालकों से अपील की कि वे वाहन चलाते समय हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग करें तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। थाना प्रभारी हर्ष मोहन गौतम ने कहा कि पुलिस का मुख्य उद्देश्य शहर में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाना और सड़क हादसों को रोकना है। उन्होंने लोगों से पुलिस का सहयोग करने और यातायात नियमों का पूरी तरह पालन करने की अपील की।

पुलिस गश्त के दौरान नशे में युवक काबू, डोप टेस्ट पॉजिटिव आने पर केस दर्ज

बरनाला (नवीन सिंगला काली) थाना बरनाला पुलिस ने गश्त के दौरान एक युवक को संदिग्ध परिस्थितियों में काबू करने के बाद डोप टेस्ट करवाया। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार टेस्ट पॉजिटिव आने पर युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार गश्त के दौरान पुलिस पार्टी गांव पखोके की सीमा में पहुंची थी। इसी दौरान गांव कैरे वाली साइड से एक व्यक्ति पैदल आता दिखाई दिया। पुलिस पार्टी को देखकर वह संदिग्ध तरीके से वहां से निकलने का प्रयास करने लगा। पुलिस ने उसे काबू कर पूछताछ की। पुलिस रिकॉर्ड में पकड़े गए युवक की पहचान लवप्रीत सिंह उर्फ लवी पुत्र गुरदेव सिंह उर्फ देव सिंह, निवासी पखोके, के रूप में बताई गई है। पुलिस द्वारा उसका डोप टेस्ट करवाया गया, जिसमें कथित तौर पर रिपोर्ट पॉजिटिव आई।

कार का शीशा तोड़कर पर्स छीनने का आरोप, चार युवकों पर मामला दर्ज

डेली आवाज भारती

बरनाला/नवीन सिंगला: थाना सिटी-1 बरनाला पुलिस ने कार का शीशा तोड़कर पर्स छीनने के आरोप में चार युवकों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार शिकायतकर्ता हरपिंदर सिंह पुत्र बूट्टा सिंह, निवासी डल्ला पत्ती घुमाण, ने अपने बयान में बताया कि 5 सितंबर 2026 को वह अपनी गाड़ी से कहीं जा रहा था। शिकायत के मुताबिक जब वह गाड़ी से नीचे उतरा और बाथरूम करने के बाद वापस गाड़ी की ओर आया तो वहां मौजूद कुछ युवकों ने कथित तौर पर उसकी गाड़ी का शीशा तोड़ दिया। आरोप है कि इसके बाद आरोपियों ने शिकायतकर्ता का पर्स



छीन लिया और मोटरसाइकिल पर सवार होकर मौके से फरार हो गए। शिकायतकर्ता द्वारा पुलिस को दिए गए बयान के आधार पर आरोपियों की पहचान दमनप्रीत सिंह पुत्र जसपाल सिंह, निवासी मानसा रोड बरनाला, लवप्रीत सिंह पुत्र जसवीर सिंह, निवासी तरकसील चौक बरनाला, अरशदीप सिंह उर्फ अरस पुत्र बलकार सिंह तथा दिलबाग सिंह पुत्र लखवीर सिंह, दोनों निवासी ढिल्लों नगर बरनाला के रूप में बताई गई है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना में छीने गए पर्स तथा अन्य सामान के संबंध में पुलिस द्वारा जांच की जा रही है।

मुखबिर की सूचना पर पुलिस की रेड, 57 नशीली गोलियों सहित दो गिरफ्तार

बरनाला (राकेश जेठी) थाना तपा पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए दो व्यक्तियों को कथित तौर पर नशीली गोलियों सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार दोनों के कब्जे से कुल **57 नशीली गोलियां* बरामद हुई हैं। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि गुरसेवक सिंह उर्फ पीची पुत्र गोरा सिंह, निवासी नेड़े छत्ती खूही, तपा तथा सोनू सिंह उर्फ सोनी पुत्र मलूक सिंह, निवासी नेड़े छत्ती खूही, तपा कथित तौर पर बाहर से नशीली गोलियां लाकर बेचने के आदी हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने दोनों के ठिकाने पर रेड की। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने गुरसेवक सिंह उर्फ पीची और सोनू सिंह उर्फ सोनी को कथित तौर पर *57 खुली नशीली गोलियों* सहित गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

सुरेंद्र सिंह होंगे जालंधर नगर निगम के नए कमिश्नर, संदीप ऋषि का हुआ ट्रांसफर



जालंधर/जतिनः जालंधर में नगर निगम कमिश्नर एक बार फिर से ट्रांसफर कर दिया गया है। पंजाब सरकार की तरफ से जारी आदेशों के मुताबिक अब सुरेंद्र सिंह नए जालंधर नगर निगम कमिश्नर होंगे। जबकि अमृतसर में पल्लवी मिश्रा को नगर निगम कमिश्नर का कार्यभार सौंपा गया है। बता दें कि ड्डस अधिकारी संदीप ऋषि को कुछ दिन पहले ही जालंधर नगर कमिश्नर का चार्ज सौंपा था लेकिन अब उनका ट्रांसफर कर दिया गया, उन्हें जालंधर नगर निगम का एडिशनल चार्ज दिया था। हालांकि ग्रेटर मोहाली डेवलपमेंट अथॉरिटी के चीफ एडमिनिस्ट्रेटर के पद पर भी तैनात है।

गुरप्रीत सेखों का नाम लेकर कांग्रेस ने 'आप' को घेरा

रंधावा बोले- चुनाव अब 'गैंगस्टर बनाम कांग्रेस' हो चुका

डेली आवाज भारती



जालंधर/जतिनः पंजाब कांग्रेस ने जालंधर के देश भगत यादगार हाल में भाजपा के खिलाफ धरना देकर जातिवाद के मुद्दे पर जमकर हमला बोला। हलद्वानी में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के भाषण के बाद मंच के कथित 'शुद्धिकरण' को लेकर कांग्रेस नेताओं ने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए। इस दौरान कांग्रेस सांसद चरणजीत सिंह चन्नी और सुखजिंदर सिंह रंधावा ने भाजपा के साथ-साथ आम आदमी पार्टी सरकार पर भी सवाल खड़े किए। धरने के दौरान गुरप्रीत सेखों का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। सांसद सुखजिंदर सिंह रंधावा ने गुरप्रीत सेखों और नाभा जेल ब्रेक मामले का जिक्र करते हुए कहा कि जब चरणजीत सिंह चन्नी की सरकार थी और वह खुद जेल मंत्री थे, तब जेलों की सुरक्षा व्यवस्था का मुआयना किया गया था। जिस तरह अकाली-भाजपा सरकार के दौर में जेल ब्रेक की घटना हुई थी, आज आम आदमी पार्टी की सरकार उन्हीं लोगों के साथ चल रही है। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि राज्य में कानून-व्यवस्था और गैंगस्टरों को लेकर सरकार का रवैया सवालों के घेरे में है। रंधावा ने अपने राजनीतिक विरोधियों और आलोचकों पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि एक विशेष परिवार ने उन्हें कभी वोट नहीं दिया, चाहे 2017 का चुनाव रहा हो, 2022 का या 2024 का। उस समय हालात बेहद संवेदनशील थे और पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी भी वहां पहुंचे थे। अब चुनाव सामान्य राजनीतिक दलों के बीच मुकाबला नहीं रह गया है, बल्कि यह 'गैंगस्टर बनाम कांग्रेस' की लड़ाई बन चुका है।

सफाई सेवकों की मेहनत को सलाम, शहर को स्वच्छ रखना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी: परमिंदर सिंह गोल्डी

डेली आवाज भारती

खरड़, (संदीप अकालगढ़िया) पंजाब सरकार द्वारा चलाए जा रहे विशेष स्वच्छता अभियान के तहत आज दशहरा ग्राउंड, बांसां वाली चुंगी तथा सिटी हार्ट के सामने मुख्य सड़क पर खरड़ शहर की नुहार बदलने तथा शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं बेहतर बनाने के उद्देश्य से विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व पंजाब यूथ डेवलपमेंट बोर्ड के चेयरमैन परमिंदर सिंह गोल्डी ने किया। इस अवसर पर परमिंदर सिंह गोल्डी और उनकी टीम ने स्वयं सफाई सेवकों के साथ मिलकर सफाई अभियान में भाग लिया और उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर सफाई की। उन्होंने स्थानीय लोगों को भी अपने आसपास साफ-सफाई बनाए रखने तथा शहर को स्वच्छ एवं सुंदर रखने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए परमिंदर सिंह गोल्डी ने कहा कि शहर को स्वच्छ रखना केवल सरकार या प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि खरड़ शहर की बेहतरी और सुंदरता के लिए ऐसे सफाई



अभियान लगातार जारी रखे जाएंगे। उन्होंने कहा, हमारे इस प्रयास के असली नायक हमारे सफाई सेवक हैं, जिनकी दिन-रात की मेहनत के लिए हम हृदय से उनके आभारी हैं। यह प्रयास यहीं नहीं रुकेंगे, बल्कि शहर की बेहतरी के लिए यह अभियान भविष्य में भी निरंतर जारी रहेगा। आइए, हम सभी जिम्मेदार नागरिक के रूप में अपना कर्तव्य निभाएं और मिलकर अपने खरड़ शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं बेहतर बनाएं। उन्होंने सफाई सेवकों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि शहर की स्वच्छता सुनिश्चित करने में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और उनकी मेहनत की जितनी भी सराहना की जाए, वह कम है। इस अवसर पर कार्य साधक अधिकारी अशोक पथरिया सहित नगर परिषद का कार्यालय स्टाफ, गुरशरण सिंह (संगठन प्रभारी), राम सरूप, राजवीर सिंह राजी, जुझार सिंह (ब्लॉक प्रधान), प्रिंस धालीवाल, सफाई सेवक, वालंटियर तथा बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।